Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
sanjeevnitoday.com

# संजीवनी टुडे

समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 357 जयपुर, शनिवार, 01 जून 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50


अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश मात्र 1100/- में साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

**नीट विवाद : सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस**

# धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक

## कोर्ट ने कहा- अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए

● नई दिल्ली



श्सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं।

बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट (एआईपीएमटी) की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवी भट्टी की वैकेशन बेंच ने इस मामले से जुड़ी 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट कर दिया गया है। वकीलों से भी उसी दिन सभी मामलों पर बहस करने के निर्देश दिए हैं। 4 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट का रिजल्ट घोषित किया था। पहली बार ऐसा हुआ है जब 67 कैंडिडेट को 720 में से 720 नंबर मिले हैं।

### नीट यूजी क्या है

नीट यूजी यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट, अंडरग्रेजुएट एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। नीट परीक्षा मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में एडमिशन के लिए आयोजित की जाती है जो स्टूडेंट्स की गिनती के लिहाज से देश की सबसे बड़ी परीक्षा है। इसके जरिए भारत और रूस, यूक्रेन समेत कुछ अन्य देशों में एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य मेडिकल कोर्सेज में एडमिशन मिलता है। नीट यूजी को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित किया जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट में 4 याचिकाएं

- **पहली:** स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों ने रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर की। काउंसलिंग पर रोक लगाने के साथ परीक्षा रद्द कर जांच की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।
- **दूसरी:** पिटिशनर हितेश सिंह कश्यप ने दायर की। गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी। याचिका में पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सुनवाई 8 जुलाई को होगी।
- **तीसरी:** फिजिक्सवाला के को फाउंडर अलख पांडेय ने 1563 स्टूडेंट को ग्रेस मार्क्स दिए जाने के खिलाफ याचिका लगाई। 13 जून को सुनवाई हुई। एनटीए ने कहा- 1563 स्टूडेंट्स के ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए जाएंगे। सभी स्टूडेंट्स के रिजल्ट बिना ग्रेस मार्क्स के जारी किए जाएंगे। ये फिर से एग्जाम दे सकते हैं।
- **चौथी:** 20 स्टूडेंट्स ने परीक्षा को रद्द करने और फिर से एग्जाम कराने की अपील की। साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई या किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग की।

### रिजल्ट के बाद विवाद क्यों हुआ

नीट की इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में ग्रेस मार्किंग का जिक्र नहीं है। एनटीए ने भी रिजल्ट जारी करते वक्त इसकी जानकारी नहीं दी थी। रिजल्ट आने के बाद कैंडिडेट्स ने सवाल उठाए, तब एनटीए ने बताया कि 'लॉस ऑफ टाइम' की वजह से कुछ बच्चों को ग्रेस मार्क दिए गए हैं। ग्रेस मार्क किस फॉर्मूले के तहत दिए गए, इस बारे में एनटीए ने कुछ नहीं बताया। 1563 कैंडिडेट्स की 23 जून को दोबारा परीक्षा हालांकि विवाद कोर्ट तक पहुंचने के बाद एनटीए ने 13 जून को सुप्रीम कोर्ट में बताया था कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट के स्कोर कार्ड निरस्त होंगे। 23 जून को दोबारा एग्जाम कराया जाएगा। 30 जून को रिजल्ट आएगा। जो स्टूडेंट एग्जाम न देना चाहें, उसके मार्क्स से ग्रेस मार्क्स माइनस करने के बाद फाइनल स्कोर कार्ड जारी किया जाएगा। इस मामले में राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट के रिजल्ट में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। जो भी बड़े अधिकारी इसमें शामिल पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने माना कि परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में सुधार की जरूरत है।

**पीएम मोदी ने किसान सम्मान की 17वीं किस्त जारी की**

# देश के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए किए ट्रांसफर

## काशी में मोदी ने गंगा आरती की, बोले-मां गंगा ने मुझे गोद लिया, मैं दिन-रात ऐसे ही मेहनत करूंगा

● वाराणसी,



तीसरी बार पीएम बनने के बाद पहले मोदी पहले वाराणसी दौरे पर हैं। पीएम ने 9.60 करोड़ किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। उन्होंने 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाले। इससे पहले 28 फरवरी को योजना की 16वीं किस्त जारी हुई थी। तब 21 हजार करोड़ से ज्यादा रकम ट्रांसफर की गई थी। इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में 6000 रुपए ट्रांसफर करती है। पीएम ने 27 मिनट तक भाषण दिया। मोदी का फोकस किसान, महिला, विकास और काशी पर रहा। उन्होंने विपक्ष और राजनीति की बात नहीं की। पीएम ने कहा- चुनाव जीतने के बाद हम पहली बार बनारस आयल हई। जनता जनार्दन के हमार प्रणाम, काशी के लोगों ने हमें लगातार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। (शेष पृष्ठ 8 पर)

### शिवराज सिंह ने कहा- किसानों के लिए पीएम की तड़प देखी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि पीएम ने किसानों को साहूकार के चंगुल से मुक्त कराया है। पहले की सरकार बातें करती थी। मोदी सरकार ने कर दिया है। मैंने पीएम की वह तड़प देखी है कि यह धरती सिर्फ हमारे लिए नहीं आने वाली पीढ़ी के लिए भी है। मैं उनकी इस तड़प को प्रणाम करता हूं। पीएम ने कहा गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। कृषि सखी के प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। शिवराज सिंह चौहान ने भारत माता और किसान भाइयों की जय के साथ भाषण की शुरुआत की। कहा-मोदी तीसरी बार पीएम बनकर आए तो मौसम भी बदल रहा है। कल तक भीषण गर्मी थी, आज मौसम सुहावना हो गया। जनता ने अभूतपूर्व समर्थन किया। कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसान आत्मा है। भाजपा के लिए किसान भगवान है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज मप्र के दौरे पर आएंगे



**भोपाल, प्रसं।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को मप्र के दौरे पर आएंगे। वे विश्व सिकल सेल दिवस पर 19 जून को सुबह 11 बजे शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिंडोरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवंबर, 2021 जनजातीय गौरव दिवस को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में अब तक 49 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

**ब्रीफ न्यूज**

### सेना ने शुरू किया पहला स्किन बैंक

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल (आर एंड आर) ने एक अत्याधुनिक त्वचा बैंक सुविधा केन्द्र की शुरूआत की है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को आग में जलने के कारण शरीर में गंभीर बीमारी और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह त्वचा बैंक 'स्किन ग्राफ्ट' के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा।

### स्वाति ने राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सीएम अरविंद केजरीवाल के घर अपने साथ हुई मारपीट मामले में स्वाति मालीवाल ने राहुल गांधी और शरद पवार को चिट्ठी लिखकर मदद की गुहार लगाई है। मालीवाल ने इंडिया ब्लॉक के बाकी नेताओं को भी चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। स्वाति ने मंगलवार 18 जून को सोशल मीडिया पर राहुल और पवार को लिखा लेटर शेयर किया है। उन्होंने लिखा- मैंने पिछले 18 सालों से जमीन पे काम किया है। मेरे साथ हुए अत्याचार के लिए आप सबसे न्याय मांगने के लिए मिलना चाहती हूं।

### कंचनजंगा ट्रेन हादसे की इन्क्वायरी 19 को

**सियालदह, आरएनएन।** कंचनजंगा ट्रेन हादसे को लेकर एक महिला पैसेंजर ने मालगाड़ी के दोनों ड्राइवरों (लोको और को-लोको पायलट) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का नाम चिन्मय मजूमदार है। वे कंचनजंगा एक्सप्रेस में बैठी थीं। हादसे में चिन्मय को भी चोटें आई हैं। उधर, नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए 19 जून को इन्क्वायरी करेगी। ये जांच चीफ कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी जनक गर्ग एडीआरएम चेंबर में करेंगे। इसके लिए हादसे से जुड़े सबूतों को जांच अधिकारी के पास भेजने को कहा गया है।

**विधानसभा उपचुनाव : सीएम मोहन यादव बोले**

## छिंदवाड़ा की तरह अमरवाड़ा में भी होगी ऐतिहासिक जीत

### कमलेश शाह के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा रहे मौजूद



**छिंदवाड़ा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह का नामांकन-पत्र दाखिल कराया। नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। (शेष पृष्ठ 8 पर)

#### तेज बारिश के चलते सभा और रैली स्थगित

अमरवाड़ा से भाजपा का प्रत्याशी कमलेश शाह के नामांकन भरे जाने से पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ रैली और सभा का आयोजन किया गया था। परंतु तेज बारिश के चलते इसे निरस्त करना पड़ा। बाद में आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## असम के गृह सचिव ने की आत्महत्या



**पत्नी की मौत के बाद खुद को गोली मारी**

नई दिल्ली, आरएनएन। असम से हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा है। असम के गृह सचिव शिलादित्य चेतिया ने मंगलवार को लंबी बीमारी के चलते अपनी पत्नी के निधन के बाद गुवाहाटी के एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक, चेतिया ने अस्पताल के आईसीयू के अंदर अपनी सरकारी रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली है। यहीं पर उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, चेतिया की पत्नी ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थीं और पिछले कुछ महीनों से अस्पताल में भर्ती थीं। असम के गृह सचिव शिलादित्य चेतिया 2009 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी थे।

# स्पीकर पद को लेकर मोदी के फैसले के साथ सहयोगी दल

## दिनभर में दो बार हुई राजनाथ सिंह के घर बैठक

**नई दिल्ली, आरएनएन।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है और 26 जून को स्पीकर व डिप्टी स्पीकर का चुनाव होना है। बीजेपी ने स्पीकर पद के उम्मीदवार के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए अपने एनडीए घटक दलों से संपर्क किया है और उनसे पूछा है कि कोई नाम या सुझाव हो तो बताएं। एनडीए के घटक दलों ने अभी तक कोई नाम नहीं सुझाया है और फैसला बीजेपी पर छोड़ा है। उन्होंने कहा कि वे पीएम मोदी के फैसले के साथ हैं। राजनाथ सिंह को भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल दलों के साथ-साथ विपक्षी दलों के बीच स्पीकर पद के चुनाव के लिए आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। (शेष पृष्ठ 8 पर)

**विपक्षी दलों के बीच आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी राजनाथ को सौंपी**

### तीन नामों की चर्चा

भाजपा के अंदर स्पीकर पद के लिए डी पुरंदेश्वरी, राधा मोहन सिंह और भर्तृहरि महताब के नाम पर चर्चा चल रही है। ऐसी भी अटकलें हैं कि भाजपा ओम बिड़ला को दोबारा स्पीकर पद के लिए नामित कर सकती है। बिहार से आने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह 7वीं बार सांसद चुने गए हैं। पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश में भाजपा की राज्य इकाई की प्रमुख हैं। उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने के लिए टीडीपी के साथ मिलकर काम किया था। भर्तृहरि महताब ओडिशा भाजपा के नेता हैं। पहले वह पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल में थे।

### कांग्रेस सांसद के सुरेश प्रोटेम स्पीकर नामित

फिलहाल केरल के मावेलिकरा से कांग्रेस सांसद के सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नामित किया गया है। इस सदन में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सांसद सुरेश संसद सत्र शुरू होने के बाद नए सदस्यों को शपथ दिलाएंगे और फिर 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का संचालन करेंगे।

## मणिपुर में उपद्रवियों ने सीआरपीएफ की बस में लगाई आग




**शाह की हाईलेवल मीटिंग के बाद की घटना**

**इंफाल,** दिल्ली में सोमवार 17 जून को मणिपुर की सुरक्षा व्यवस्था पर गृह मंत्री अमित शाह हाईलेवल मीटिंग कर रहे थे। उसी दिन रात 9 बजे मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार रात 9 बजे उपद्रवियों ने सीआरपीएफ जवानों के बस में आग लगा दी। हालांकि, उन्होंने पहले सीआरपीएफ जवानों को बस से उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि दमकल गाड़ी ने तुरंत आग बुझा दी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी पुलिस स्टेशन में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जवान लोकसभा चुनाव के बाद लौट रहे थे।

**सुधार** एचएएल ने पकड़ी डिजाइन संबंधी खामियां, जून के अंत तक हो जाएगा इलाज

# अब ध्रुव हेलीकॉप्टर नहीं होगा हादसों का शिकार

● नई दिल्ली,

हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए 90 और भारतीय वायुसेना के लिए 66 लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) प्रचंड के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया है। माना जा रहा है कि 156 प्रचंड हेलिकॉप्टर्स की तैनाती चीन और पाकिस्तान की सीमा पर की जाएगी। मल्टी मिशन एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के मुकाबले रक्षा मंत्रालय तीनों सेनाओं के लिए मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स को प्राथमिकता दे रहा है। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इससे पहले सात मार्च को 35 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर्स के लिए एचएएल को आरएफपी जारी किया था, जिनमें से 25 भारतीय सेना को और 9 भारतीय तटरक्षक बल को मिलने थे। सैन्य सूत्रों का कहना है एएलएच में डिजाइन संबंधी कुछ खामियां हैं, जिन्हें इस महीने के आखिर तक दुरुस्त कर लिया जाएगा। रक्षा सूत्रों के मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर के तकरीबन 12 हादसे हो चुके हैं।



### एएलएच-रुद्र है मिलिट्री वर्जन

इस हेलीकॉप्टर का एडवांस वर्जन एएलएच-रुद्र है, जिसमें हेलमेट पॉइंटिंग सिस्टम, इलेक्ट्रो ऑप्टिक पॉड और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट से जुड़े सेल्फ-प्रोटेक्शन सिस्टम जैसे मिशन सिस्टम फिट किए गए हैं। रुद्र में 20 मिमी बुर्ज गन, 70 मिमी रॉकेट, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल और एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलें लगाई गई हैं।

### एएलएच-ध्रुव की खासियत

एएलएच-ध्रुव में 12 सैनिकों के बैठने की जगह होती है। इसे दो पायलट उड़ाते हैं। इसकी लंबाई 52.1 फीट और ऊंचाई 16.4 फीट है। यह एक बार में 630 किमी की उड़ान भर सकता है और इसकी अधिकतम गति 291 किमी प्रतिघंटा है। यह एक प्रकार का यूटिलिटी हेलीकॉप्टर है, जो आमतौर पर जवानों और कार्गो को लाने और ले जाने का काम करता है। इसे किसी भी मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस हेलिकॉप्टर ने सियाचिन ग्लेशियर और लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। इस हेलीकॉप्टर की खासियत यह है कि ये रात में भी मिलिट्री ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है।

# अलका याग्निक को न्यूरो डिसीज, सुनाई देना बंद हुआ

## सोशल मीडिया पर जानकारी दी, फैंस से बोलीं- तेज म्यूजिक से दूर रहें



**मुम्बई/** वेटरन प्लेबैक सिंगर अलका याग्निक को रेयर न्यूरो डिसीज हो गई है, जिसकी वजह से वो सुन नहीं पा रही हैं। सिंगर ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी इस बीमारी का जिक्र किया। इसके साथ ही सिंगर ने बताया कि वो बीते काफी वक्त से इनएक्टिव क्यों हैं। अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैंस और साथी कलाकारों को तेज (लाउड) म्यूजिक से दूर रहने की सलाह दी है। 17 जून को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों के लिए। कुछ हफ्ते पहले मैं एक फ्लाइट से उतरी तो मुझे महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है।

## खबरें फटाफट

### निर्जला एकादशी पर गन्ने के रस का किया वितरण



संजीवनी टुडे

जयपुर। निर्जला एकादशी के पावन पर्व मंगलवार को शंकर किराना स्टोर लालकोठी टोंक रोड पर हर साल की भांति तीसरे वर्ष भी तीसरी बार गन्ने का शुद्ध ओर ताजा रस का वितरण किया गया इस अवसर पर सभी भक्तों ने सहयोग किया और हर वर्ष की भांति सैकड़ों भक्तों ने गन्ने रस का सेवन किया इस दौरान शंकर लाल अग्रवाल शरद बर्मन सतीश चौधरी अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वॉर्ड 144 के अध्यक्ष मनीष चावला ने मनाया जन्मदिन



संजीवनी टुडे

जयपुर। वॉर्ड 144 के अध्यक्ष मनीष चावला ने जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें जयपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष और हवा महल विधानसभा प्रत्याशी आर आर तिवारी और कांग्रेस के कार्यकर्ता और प्रमुख समाजसेवी व परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे सभी ने मनीष चावला को जन्मदिन की बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

### उत्तर मैट्रिक छात्रावृत्ति योजना लंबित, आक्षेपित एवं रेड फ्लैग श्रेणी के आवेदन पत्रों को 30 जून तक जमा करावे

संजीवनी टुडे

अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रावृत्ति योजना के अन्तर्गत सत्रा 2022-23 तक के लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु 'जीरो पेंडेंसी अभियान' चलाया जा रहा है जिसके तहत कॉलेज लेवल एवं विद्यार्थी लेवल पर लंबित, आक्षेपित आवेदन एवं रेड फ्लैग श्रेणी के आवेदन पत्रों को 30 जून 2024 तक जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पर भिजवाना आवश्यक है। उन्होंने जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षण संस्थानों एवं आवेदित श्रेणी के आवेदन पत्रों (ओबीसी श्रेणी के अलावा) 30 जून तक जिला कार्यालय को भिजवाए अन्यथा संस्थान अथवा विद्यार्थी लेवल पर लंबित रहने पर आवेदन रिजेक्ट होता है उसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्थान व विद्यार्थी की होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मिनी सचिवालय के कमरा ने. 2023 में स्थित जिला कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### आईटीआई में 21 जून को आयोजित होगा कैम्पस प्लेसमेन्ट

संजीवनी टुडे

अलवर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलवर में 21 जून को कैम्पस प्लेसमेन्ट आयोजित होगा। आईटीआई के उप निदेशक एवं शिक्षुता सलाहकार ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेन्ट में मैसर्स मेटसो इंडिया प्रा. लि. व मैसर्स एमजी मोटर्स कम्पनी भाग लेगी जो फिटर, वेल्डर, मशिनिष्ट, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा के इच्छुक 18 से 27 आयुवर्ग के आईटीआई उत्तीर्ण बैच 2022 और 2023 के अप्रेंटिस अपने मूल दस्तावेजों के साथ भाग ले सकते हैं।

### एक मुश्त निपटारा योजना के तहत गैर निष्पादित खातों का निपटारा करने हेतु निगम कार्यालय में सम्पर्क करें

संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान वित्त निगम के शाखा प्रबंधक आर.एन. मीना ने बताया कि निगम द्वारा गैर निष्पादित खातों का निपटारा करने हेतु एक सरल एवं सुगम निपटारा योजना 'एक मुश्त निपटारा योजना' लागू की गई है। उन्होंने बताया कि बकाया मूलधन का 30 प्रतिशत से 85 प्रतिशत जमा करवाकर योजना का लाभ उठाया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति निगम की किसी भी शाखा कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

### दो युवतियों को अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था हेड कांस्टेबल

संजीवनी टुडे

झुंझुनूं। सदर थाने में कार्यरत एक हेड कांस्टेबल पुलिस लाइन में कार्यरत दो युवतियों को अश्लील मैसेज भेजकर परेशान करता था। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने आरोपी हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस लाइन में संविदा पर कार्यरत दो युवतियों ने अपने कार्य के इंचार्ज हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजकर परेशान का आरोप लगाया है।

# पत्रकार अपने वयस्त जीवन में स्वस्थ रहने की लिए निरंतर योगा करें : मंजु शर्मा

**स्वयं और समाज के लिए योग'' थीम पर पत्रकारों के लिए आयोजित हुआ योगा कार्यक्रम**

संजीवनी टुडे



जयपुर। पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की तरफ से पत्रकारो के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को राजधानी जयपुर के सी स्कीम स्थित सेंट्रल पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जयपुर शहर सांसद मंजु शर्मा उपस्थित हुई, जिन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कि थीम ''स्वयं और समाज के लिए योग'' रखा गया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किया गया योग का कार्यक्रम विगत एक दशक से देश और दुनिया में लोकप्रिय होता जा रहा है। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को अपने वयस्त जीवन में स्वस्थ रहने के लिए निरंतर योग का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग को लेकर जयपुर में एक किर्तिमान स्थापित किया गया है। नगर निगम ग्रेटर और विभिन्न योग संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में योग साधकों द्वारा लगातार 1500 मिनट से अधिक अखंड योग किया गया, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड बना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के सहायक आचार्य व योग प्रशिक्षक डॉ पुनीत चतुर्वेदी ने कहा कि सही तरीके से किया गया योग शरीर को स्वस्थ रखने में बड़ी भूमिका निभाता है। पुनीत ने अपने संस्थान की टीम के साथ पत्रकारों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवाया। वहीं केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक रामखिलाड़ी मीना ने कहा कि इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित किया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक पवन सिंह फौजदार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि पत्रकारों के लिए योग कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। योग कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के उपनिदेशक धर्मेश भारती ने किया। योगा करने वाले पत्रकारों में युवा पत्रकार गोविन्द गोपाल सिंह, सुरेश कुमावत, लीलाराम, शिवम दुबे, गोपाल चतुर्वेदी, मुकेश जैन, आलोक जैन सहित अन्य उपस्थित हुए।

## बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने जीएसएस का घेराव कर किया प्रदर्शन

संजीवनी टुडे



राजगढ़ (अलवर)। पंचायत समिति के दुब्बी ग्राम पंचायत के अनावडा, थोसडा, प्रतापपुरा, धमरेड, बोरेटा नयागांव बोलका, ईंदपूरा आदि गांवों के सैकडो लोगों ने धमरेड पावर हाउस का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने दुब्बी सरपंच प्रतिनिधि विनोद मीना के नेतृत्व में सुबह नो बजे दोपहर एक बजे तक धरना देकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि धमरेड़ जीएसएस की अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। उपस्थित ग्रामीणों व सरपंच प्रतिनिधि विनोद मीना ने बताया कि 24 घंटो में से मात्र 7-8 घंटे बिजली सप्लाई की जा रही है। बिजली सप्लाई का समय फिक्स नहीं है। विभागीय के कर्मचारीयों की मनमानी के कारण बार-बार सटडाउन लेकर समय पर बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 6घंटे पावर की लाइट होती वह भी 4 घंटे कर दी है। भीषण गर्मी से बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों का बहुत बुरा हाल हो रहा है। गर्मी के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं गर्मी के कारण अनावडा में एक वृद्ध महिला की मौत होने का भी आरोप लगाया है। सूचना पर बिजली विभाग के अधिकारीयों ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और ग्रामीणों की समस्या को हल करने और दुबारा ऐसे कटौती नहीं करने के आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त हुआ।

## निर्जला एकादशी को गोशाला में हुआ दान पुण्य



संजीवनी टुडे

### गोशाला में उमड़े गोभक्त

बाड़मेर। श्री पाबू जी राठौड़ गोशाला दाता बाड़मेर में मंगलवार को निर्जला एकादशी के दिन गांव वह शहर से गो माता की सेवा करने का लोगो का मेला सा माहौल हो गया इस अवसर पर लेखराज खत्री ने अपने परिवार सहित गोशाला आकर गो माता को जिमाने हेतु बड़े सूखे चारे ट्रक अर्पण किया, इसी कड़ी में गो सेवा मित्र मंडल बाड़मेर द्वारा हरे चारे की गाड़ी व गुड जिमाया गया इस अवसर पर गो भगत कमल किशोर मुंदड़ा रमेश चांडक, मनोहर तापड़िया, मुकेश जीएम, सुरेश बाजारी, ओमप्रकाश सोनी, राहुल बोथरा सीए, चिराग संखलेचा, जिगर भूतड़ा अनिता पडाईया, सुनीता तापड़िया, प्यारी देवी, नीता बाजारी सहित कई गोभक्तो ने गो माता की सेवा में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## डॉ. सुमित यादव का अलवर में भव्य स्वागत



संजीवनी टुडे

अलवर। रविवार को जयपुर से पहुंचे डी.एम ग्रेस्ट्रोलॉजी एसएमएस एवं सहायक प्राचार्य महात्मा गांधी कॉलेज व हॉस्पिटल जयपुर का सात्विक फाउंडेशन रानी सती नगर जयपुर व बेनिफिट्स पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया?। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित आशीष शर्मा ने बताया डॉ सुमित यादव अलवर क्षेत्र के सभी जरूरतमंद लोगों के लिए हर समय तत्पर रहते है। सुमित यादव ने कहा कभी भी चिकित्सा संबंधी कोई कार्य हो में तत्पर रहूंगा स्वागत माला साफा पहनाकर व मिठाई खिला कर किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय मंच के अध्यक्ष नत्थुराम शास्त्री, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पप्पू शर्मा, बेनिफिट्स से सरिता सोनी, हरविंदर तनेजा, अलवर कार्यक्रम सत्य हेल्थ सेंटर में रखा गया साथ सेंटर के व्यवस्थापक चेतन यादव का स्वागत किया।

## एडीएम शहर ने राजकीय शिशु गृह एवं राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह का किया निरीक्षण

संजीवनी टुडे



अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) बीना महावर ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह एवं राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी का निरीक्षण किया। उन्होंने शिशु गृह के निरीक्षण के दौरान गृह अधीक्षक से वहां आवासित बालक-बालिकाओं के रहने, खाने, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं आवासित शिशुओं के पुनर्वास के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह का निरीक्षण कर आवासित बालकों से बातचीत कर रहन सहन संबंधी व्यवस्थाओं तथा उनकी शिक्षा आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंनेगृह अधीक्षक को निर्देश दिये की आवासित बालकों के सामाजिक पुनर्वास एवं प्रशिक्षण आदि के लिए व्यवस्थाऐं करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह परिसर के बाहर लगे शिशु पालना गृह के संचालन का भी अवलोकन निर्देश दिये कि पालना गृह की जानकारी के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचे एवं जरूरतमंद शिशुओं का परित्याग सुरक्षित रूप से हो सके। कलरव अभियान के तहत बालश्रम में नियोजित बालक को मुक्त कराया जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक एवं अभियान के नोडल अधिकारी रविकान्त ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में जिले में बालकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं समग्र विकास के लिए संचालित जिला नवाचार ल्लकलरवङ्क के तहत बाल अधिकारिता विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन एवं गोविन्दगढ पुलिस थाना की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर गोविन्दगढ स्थित बालाजी बैल्डिंग वर्कशॉप में कार्य कर रहे 13 वर्षीय नाबालिग बालक को मुक्त करवाकर नियोक्ता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि बालकों की देखरेख की व्यवस्था एवं बालकों को उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण कर बाल कल्याण समिति को बाल गृहों में रहने वाले देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को अभियान के तहत अपने परिजनों के पास पुनर्वासित कर रियूनिट करने के निर्देश दिए।

## राजगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजगढ़ उपखंड को जिला बनाने की मांग को लेकर सर्व समाज ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार विनोद शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उपस्थित लोगों ने राजगढ़ को जिला बनाओ का नारा लगा कर राजगढ़ को जिला घोषित करने की मांग की। गौरतलब है कि राजगढ़ जिला बनने के सभी मापदंड पूरा करता है। सबसे पुराना उपखंड, सबसे पुरानी तहसील नजदीक क्षेत्र राजगढ़, टहला,बसवा, थानागाजी, लक्ष्मणगढ़, बांदीकुई, मालाखेड़ा, मुंडावर, रैणी,प्रतापगढ़, अधिकांश तहसील क्षेत्र राजगढ़ के नजदीक है राजगढ़ से कार्य , व्यवसायिक व्यवहार है अधिकतर तहसीलों का न्यायिक क्षेत्र राजगढ़, प्रशासनिक कार्य भी राजगढ़ से जुड़े हुए हैं। रोडवेज बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, लड़के-लड़कियों की कॉलेज,प्राइवेट सरकारी अस्पताले आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध राजगढ़ में उपलब्ध है। राजगढ़ जिला बनता है तो 25 किलोमीटर के दायरे के लोगों को फायदा होगा। इस दौरान उपस्थित रहे महंत प्रकाश दास महाराज, रामकृपाल मीणा,एडवोकेट सुरेंद्र माथुर किट्टू,एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, खेम सिंह आर्य,पवन सिंह नरूका, एडवोकेट मनीष गुप्ता,एडवोकेट सीताराम वशिष्ठ,सीमा सरपंच, पदमा गोयल,प्रीति विजय,सीता जोशी,एडवोकेट राहुल दीक्षित, प्रेमचंद जैन,राम रतन तांबी,राम खिलाड़ी मीणा पूर्व प्रधान,संजय राजस्थानी,राजेश मीणा सरपंच , लोकेश रावत,प्रभु दयाल शर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,वीरेंद्र दाधीच, बाबूलाल शर्मा,प्रदीप शर्मा,एन एल वर्मा रजनीकांत शर्मा, सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।


## जन्मदिन पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर आमजन को पिलाया ठंडा मीठा पानी




संजीवनी टुडे

थानागाजी(अलवर)। उपखंड क्षेत्र के बल्लूबास गांव में सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्य ने अपने जन्मदिन पर शीतल जल की प्याऊ लगाकर आमजन को पिलाया सर्व समाज हैल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला एवं वरिष्ठ सदस्य रामप्रसाद बडगोती ने बताया की टीम के सदस्य एवं बडगोती डीजे संचालक ओम बाबू के जन्मदिन पर फिजूल खर्च नहीं करके भीषण गर्मी को देखकर थानागाजी दोसा वाया किशोरी अजबगढ़ गोलाकाबास रोड पर बल्लूबास तिराय पर शीतल जल की प्याऊ लगाई जिसमें सैकड़ों आने जाने वाले राही गिरोहों को व आस पास के क्षेत्रीय लोगों को ठंठा मीठा पानी पिलाया सर्व समाज हैल्प टीम के सदस्य एवं बडगोती डीजे सिस्टम के संचालक ओमबाबू की अनुठी पहल की आमजन ने प्रशंसा की ओमबाबू को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी इस प्याऊ की जल सेवा में रामप्रसाद मीणा बडगोती, ओम बाबू , राहुल मीणा, रिंकु गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, दयाराम मीणा, गिर्राज प्रसाद मीणा, अंकित मीणा ,दिपक, लेखराज मीणा आदि लोगों ने पानी पिलाने में सहयोग किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में 28 प्रकार के नरकों का वर्णन व कर्म के अनुसार उनके फल भोगने की कथा सुनाई



संजीवनी टुडे

माचाड़ी(राजगढ़)। कस्बे के नंगेश्वर धाम आश्रम पर श्रीमहंत माधव दास महाराज के सानिध्य में श्री बालक दास महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से अमृतमयी वाणी से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन ध्रुव जी का पावन चरित्र, प्राचीन बरी की कथा,जड़ भरत और रहुगन का संवाद, 28 प्रकार के नरकों का वर्णन,कर्म के अनुसार उनका फल भोगना, नारायण नाम लेने से अजमिल की मुक्ति, प्रहलाद जी का चरित्र,भगवान नरसिंह का प्राकट्य वरदान की प्राप्ति,समुंद्र मंथन की कथा,बली और बामन की कथा, राजा बली के अभिमान को बामन भगवान द्वारा नष्ट करना,सुरज वंश राम जी के अवतार की कथा श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव मनाया आदि के बारे में विस्तार से कथा के माध्यम से जानकारी दी। श्रीमद्भागवत कथा के बाद परीक्षित बने रामकुवार सैनी उनकी पत्नी सुनीता सैनी ने श्रीमद्भागवत की पूजा अर्चना व आरती की। भागवत की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं,गौसेवकों व श्याम मित्र मंडल द्वारा ठंडे मीठे शरबत पानी, ठंडाई आदि की व्यवस्था की जाती है। कथा के इस अवसर पर श्रीमहंत गोपाल दास महाराज,श्याम दास महाराज, रघुनाथ दास,ओम दास ,ब्रह्मदास, सुवालाल महाराज, पूरणमल अग्रवाल खेड़ली, माचाड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा,मन्नू मीणा, रामस्वरूप सैनी, सुरेश चंद जांगिड़, बृजवासी गौरक्षक सेना के गौसेवक नागपाल शर्मा, दुष्यंत सिंह राजपूत सहित काफी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

## आधारभूत संरचनाओं के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

संजीवनी टुडे



अलवर। जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने कलक्ट्रेट सभागार में जिले में आधारभूत संरचना के प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण करावें ताकि आमजन को जल्द सुविधा उपलब्ध हो सके। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण करें। साथ ही परिवादियों के संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने यूआईटी, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, नगर निगम के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावे। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वीकृत कार्यो की विभागीय आंतरिक प्रक्रिया पूर्ण कर निविदा लगाए ताकि कार्य समयबद्ध रूप कराया जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि पेयजल कनेक्शन सर्वोच्च प्राथमिकता से अविलम्ब जारी किए जाए। साथ ही घरेलू कनेक्शनों की लंबित फाइलों का निस्तारण करें। उन्होंने पीएचईडी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जिले की पेयजल व्यवस्था हेतु निरन्तर मॉनिटरिंग की जाए। खराब बोरिंग आदि को दुरूस्त करावे। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये कि नालों के सफाई के कार्यों में तेजी लाए तथा साफ-सफाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। इस दौरान एडीएम द्वितीय परसराम मीना, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, सहायक कलक्टर सुश्री नवज्योति कंवरिया, यूआईटी के उप सचिव संजय गोयल, पीएचईडी केअतिरिक्त मुख्य अभियन्ता ललित करोल, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता सुनील गर्ग, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त बजरंग सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने लहराया परचम

संजीवनी टुडे

जयपुर। एस. एस. जैन सुबोध पी. जी. महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं में यूनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों में मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय की छात्राओं ने बीसीए प्रथम द्वितीय और तृतीय वर्ष में मेरिट प्राप्त की प्रियंका राठौर दूसरे स्थान पर निविया चौधरी सातवें स्थान पर और प्रतिभा ढींगरा नोवें स्थान पर रही वहीं छात्रा सोनम गुप्ता ने एमएससी केमिस्ट्री में छठा स्थान प्राप्त किया तथा महाविद्यालय की छात्रा गार्गी शर्मा ने एम. ए. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित कराया महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर रेनू जोशी ने मेरिट में आई छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें सतत इसी प्रकार मेहनत करने के लिए कहा। महाविद्यालय की उप प्राचार्या डॉक्टर इंदु शर्मा ने मेरिट में आई छात्रों को शुभकामनाएं दी।



## 21 जूनः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

संजीवनी टुडे

अलवर। प्राचीन काल से योग भारत वर्ष की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है । योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ कल्याण के लिए पूर्णतावादी दृष्टिकोण करता है। आधुनिक समय में इसकी उपादेयता रोगों के रोकथाम और जीवन शैली संबंधित विकारों के प्रबन्धन के लिए अधिक है। योगः योगश्चितवृतिनिरोध चित्त की कृतियों को रोकना योग है । योग को अतिन्द्रिय जगत में पहुंचने का साधन व साधक दोनों माना जाता है । यौगिक क्रियाऐं, आसन, प्राणायाम आदि साधना के अंग है । 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का संकल्प परित किया और सम्पूर्ण विश्व में 21 जून, 2015 को प्रथम बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 7 बजे से प्रातः 8 बजे तक अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

## मालवीय नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बांधे परिंडे



संजीवनी टुडे

जयपुर। मालवीय नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से परिंडे बाँधने के अभियान के तहत मंगलवार को मालवीय नगर के झालाना ओर महेश नगर क्षेत्र में पक्षियों के लिए परिण्डे बाँधे गए इस अवसर पर मालवीय नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर मे बढ़ते तापमान से पक्षियों को पानी के लिए काफी भटकना पड़ता है बढ़ती गर्मी में परिदो को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने के लिए सभी को परिडे बाँधने चाहिए इस अवसर पर हेमलता सिंह फौजदार प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस व मनीष चावला वार्ड 144 के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का सफल आयोजन करें, अधिकाधिक लोगों की भागीदारी हो :कलक्टर

■ संजीवनी टुडे

## संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें, ई फ़ाइल पेंडिंग न रहे :कलक्टर



राजसमंद। जिला कलक्टर डॉ. भंवरलाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन लेकर सभी विभागों से संबंधित योजनाओं, विकास कार्यों, लक्ष्यों आदि की समीक्षा की। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ हनुमान सिंह राठौड़, एसडीओ अर्चना बुगालिया सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलक्टर डॉ. भंवरलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर लेवल 1 से 3 पर दर्ज सभी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनता की शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए और उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-फाइल सिस्टम पर पेंडिंग फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित फाइलों की समीक्षा कर उन्हें जल्द से जल्द निपटाया जाए ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने विभागवार लंबित ई फ़ाइलों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में चल रहे योजनाओं और परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें और समयसीमा के भीतर उन्हें पूरा करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय और सहयोग रखें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करें ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्यों की प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग करें और किसी भी समस्या या अड़चन की जानकारी तुरंत दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें।

### योग दिवस में आमजन की अधिकाधिक भागीदारी हो

कलक्टर डॉ. भंवरलाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर भी बैठक में समीक्षा की। बैठक में कार्यक्रम से जुड़े विभागों के अधिकारी, योग प्रशिक्षक और अन्य संबंधित व्यक्तियों ने भाग लिया। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि योग दिवस के आयोजन को सफल बनाने के लिए समर्पित प्रयास किए जाएं। आयुर्वेद उप निदेशक डॉ मुख्यतार सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप उद्यान (जेके गार्डन) में सुबह 7 से 8 बजे तक होगा। कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त से कहा कि आयोजन स्थल को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के महत्व और आयोजन की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी इसमें अवश्य भाग लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता तभी होगी जब आमजन इसमें भाग लेगा। आयुर्वेद उपनिदेशक मुख्यतार सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि योग दिवस के आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी मिलकर इसे सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### श्रमिकों को ई-श्रम से जोड़ें

कलेक्टर डॉ. भंवरलाल ने ई-श्रम कार्ड पंजीयन और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक असंगठित श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि वे योजनाओं और अन्य लाभों का फायदा उठा सकें। कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे इस योजना का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार करें और लोगों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें। कलक्टर ने श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राएका से दोनों योजनाओं में अब तक हुई प्रगति को लेकर पूछा। सभी विभागों को पंजीयन में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

## खबरें फटाफट

### गुरुवार को गिलूंड में होगी रात्रि चौपाल

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। गुरुवार 20 जून को शाम 7 बजे से रेलमगरा तहसील के गाँव गिलूंड में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ भंवर लाल आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान करेंगे। रात्रि चौपाल से साथ-साथ कलक्टर गाँव का निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी भी लेंगे। रात्रि चौपाल में पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सड़क सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर ने आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनातंर्गत 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का हस्तांतरण



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजनातंर्गत 17वी किश्त के तहत लगभग 9.25 करोड़ से अधिक पात्र किसानों को 20 हजार करोड़ से अधिक राशि सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम का लाईव वेबकास्ट जिला स्तर पर जिला कलेक्टर कक्ष, कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया । साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू,उपखंड अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत, सहायक निदेशक कृषि विस्तार गोस मोहम्मद, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी लाइव वेबकास्ट के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम से जुड़े।

### 80 साल पुराने अतिक्रमण पर चला पीला पंजा, बामनवास चौगान का रास्ता किया चौड़ा



■ संजीवनी टुडे

अलवर/थानागाजी।ब्लॉक के गांव बामनवास चौगान में ग्रामीणों ने आपसी समझाइश कर काबलिगढ़ सीमा से बामनवास सीमा तक आम रास्ते से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटवाया। ग्रामीण सरपंच प्रतिनिधि मूलचंद ओझट, शायम सुंदर शर्मा, पूर्व ब्लॉक मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा ने बताया कि बामनवास चौगान में काबलिगढ़ सीमा से बामनवास सीमा तक आम रास्ते में कांटों की बाड आदि लगा कर करीब 80 साल से कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था। आज सभी अतिक्रमियों के साथ समझाइश से करीब 300 मीटर लंबाई के इस मुख्य रास्ते से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटवा कर 8 मीटर चौडा रास्ता निकाला गया है। इससे पूर्व 3 दिन पहले ग्रामीणों व अतिक्रमियों की मौजूदगी में राजस्व विभग से पटवारी राकेश मीना ने पैमाइस कर इस रास्ते का सीमाज्ञान करवाया। अतिक्रमियों को सूचित किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने एकत्रित होकर अतिक्रमियों को समझा-बुझाकर शांतिपूर्ण तरीके से पुराने आम रास्ते से अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया गया। इस दौरान सरपंच कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

### वीरपुरा ग्राम पंचायत मे हुआ निःशुल्क मक्का बीज का वितरण



■ संजीवनी टुडे

जयमसंद। देश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सरकार की ओर से खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को फ्री बीज वितरित किए जा रहे हैं ताकि किसान समय से खरीफ फसलों की बुवाई कर सकें और उन्हें बेहतर पैदावार प्राप्त हो। इसी कड़ी में कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2024 के तहत जनजाति उप योजना के तहत गैर जनजाति श्रेणी के समस्त कृषको को मंगलवार को वीरपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निःशुल्क हाईब्रिड मक्का बीज के मिनिकिट वितरण किये गये ऋवीरपुरा कृषि पर्यवेक्षक वर्षा पटेल ने बताया की वीरपुरा केंद्र पर 5 द्मद्द के 250 मक्का बीज के मिनीकेट वितरण के लिये आये है जिसे वितरण प्रकिया के अनुरूप वितरण शुरू किया गया उन्नत किस्म का बीज होने के कारण किसान इसे अपने अपने खेत मे बुवाई करेंगे जिससे उत्पादन बढ़ने के साथ किसानो की आमदनी बढ़ेगी।

# युवती के साथ दो बार अलग - अलग स्थानों पर गैंग रेप,मामला दर्ज

■ संजीवनी टुडे

## प्रेमी ने शादी का झांसा देकर बनाये सम्बन्ध,प्रेमी का नाम लेकर ले जाकर किया गैंग रेप

सराडा।सलूंबर जिले के सेमारी थाना क्षेत्र में युवती को शादी का झांसा देकर पहले प्रेमी अवैध सम्बन्ध बनाता रहा वही बाद में प्रेमी के दोस्त युवती के घर पहुच प्रेमी ने लेने भेजा है।बताकर राहुल ने युवती को सेमारी के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया।वही घटना के कुछ दिन बाद तीन आरोपी दुबारा युवती के घर पहुच प्रेमी द्वारा उसको घूमने जाने हेतु लेने भेजा बता गणेश,अनिल व महेश मीणा ने बाईक पर युवती को घोडासर के जंगल मे ले जाकर तीनो द्वारा बारी - बारी से दुष्कर्म कर शाम को रठौड़ा गांव में छोड़कर फरार हो गए।जहाँ रात बिताने के बाद पीड़िता आसपुर मामा के यहाँ पहुची।जहाँ से उसके पिता घर लेकर आये।जहां परिजनों को आप बीती सुनाई।युवकों द्वारा युवती को दो बार घर से ले जाकर अलग - अलग स्थानों पर गैंगरेप करने का मामला सेमारी थाने में सोमवार को दर्ज करवाया है।मामले की जांच सराड़ा पुलिस उप अधीक्षक मदन लाल विश्नोई कर रहे है। सेमारी थानाधिकारी गजवीर सिंह ने बताया कि गत 7 जून व 13 जून को घर से ले जाकर एक युवक द्वारा रेप किया गया व 13 जून को युवती को घोडासर के जंगल मे सुनसान जगह में ले जाकर गैंगरेप किया।घटना के बाद युवती ने परिजनों के साथ सेमारी थाने में पहुच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।युवती ने गणेश मीणा, महेश मीणा,लोकेश मीना तीनो आरोपी इंटाली पाल,दो आरोपी विनोद व अनिल मीणा भौराई पाल निवासी है व एक आरोपी राहुल मीणा निवासी रजोल पुलिस थाना कल्याणपुर के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है।अभी तक आरोपी पुलिस गिरप्त से बाहर है।गिरफ्तारी के बाद मामले का पता चल पाएगा की आखिर आरोपियों ने गैंग क्यो किया।पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# अफीम डोडा चूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार व पिकअप जब्त



■ संजीवनी टुडे

भींडर । जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल, द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा, स्मैक, अफीम, डूडा चूरा आदि की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत भीण्डर थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से डोडा चूरा ले जाते दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इनसे पिकअप भी जब्त कर ली। पुलिस ने बताया कि कडेंचा भीण्डर रोड पर कडेचा गांव के पास अरविन्द पिता पुनमाराम जाति विश्नोई उम्र 32 साल निवासी विश्नोईयो का गोलिया ग्राम पंचायत बासंडा धनजी थाना रामसिन जिला जालौर व उदयलाल पिता कजौड जाति डांगी उम्र 35 साल निवासी कुंथवास की भागल थाना खेरोदा जिला उदयपुर, द्वारा एक पिकअप में अवैध मादक पदार्थ अफिम डोडा चुरा की तस्करी करते वक्त आरोपी उदयलाल डांगी व अरविन्द विश्नोई के कब्जे से 42 किलो 500 ग्राम अवैध अफिम डोडा चुरा परिवहन करते हुए पकड़ा। अफीम डोडा चुरा व पीकअप को जब्त किया तथा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिस पर धारा 8/15,एनडीपीएस एक्ट में दर्ज अनुसंधान खेरोदा थाने के रामेंग पाटीदार उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना खेरोदा को सौंपी हैं। पुलिस टीम में भीण्डर थानाधिकारी पुनाराम प.नि., कानि. हिम्मतसिंह,कानि. हिंगलाजदान, कानि. जालिम,कानि.रामावतार,कानि मानसिंह,कानि. निखिल ,कानि नरेश ,कानि. हेमन्त, अंकित शामिल रहे।

# लक्ष्य के अनुरूप करें कार्य जिला कलक्टर



■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने विभिन्न योजना में दिए गए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित बीस सूत्रीय कार्यक्रम की द्वितीय स्तर समीक्षात्मक बैठक में दिए। बैठक में माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024 तक एवं मई 2024 तक की प्रगति की समीक्षा तथा वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम में सम्मिलित एमजीएनआरईजी अधिनियम के तहत रोजगार सृजन, मानव दिवस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एसएचजी द्वारा प्रदत्त परिक्रामीनिधि एवं प्रदत्त सामुदायिक निवेश निधि, भूमि वितरण, ग्रामीण आवास प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के तहत आवास, संस्थागत डिलीवरी, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति , आईसीडीएस ब्लॉक परिचालन, आंगनवाड़ी कार्यात्मक (संचयी), सात सूत्री चार्टर के तहत सहायता प्राप्त शहरी गरीब परिवारों की संख्या, वनरोपण (सार्वजनिक और वन भूमि), रोपे गए पौधों की संख्या, ग्रामीण सड़कें पीएमजीएसवाई, एनर्जेटिक पम्पसेट योजना आदि में अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली तथा प्रत्येक विभाग वार वर्ष 2024-25 के दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप कार्य योजना बनाते हुए प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# झाडोल सरंपच पति के साथ मारपीट के मामले मे 3 व चावण्ड बस स्टेण्ड पर उत्पात मचाने वाले 5 गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे



सराडा।झाडोल सरंपच पति के साथ मारपीट के मामले मे तीन व चावण्ड बस स्टेण्ड पर उत्पात मचाने वाले पांच जनो को सराडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। सराडा थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया की रविवार को थानाधिकारी को जरिए टीपी सुचना मिली कि चावण्ड कस्बे मे जुलुस व मोबाइल दुकानदार के साथ पेसे के लेनदेन को लेकर जवान उम्र के लड़के उत्पात मचा रहे है एवं एमबीसी जाप्ते द्वारा समझाईस करने पर भी नहीं मान रहे है वगेरा सुचना पर थाने से एएसआई मागीलाल मय जाप्ता कांस्टेबल रामेश्वर,विनोद कुमार व महिला कांस्टेबल सतोंष मोके पर पहुंचे और उत्पात मचाने वाले व्यक्ति दिनेश (22) पुत्र प्रेमाजी मीणा निवासी अम्बाला,मांगीलाल (40) पुत्र कुबाजी मीणा निवासी सोनारिया,भगवान (23)पुत्र प्रेमाजी मीणा निवासी अम्बाला चावण्ड,पुंजा (43) पुत्र होमा मीणा निवासी जोयरा फला केजड,विकास (24)पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी छाणी पुलिस थाना सराडा जिला सलूम्बर को गिरफतार किया गया। सराडा थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया की दोराने कार्यवाही पुनः सुचना मिली की झाडोल सरपंच पति के साथ कुछ लोग मारपीट व झगडा कर रहे है वगेरा सुचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता झाडोल के लिए रवाना हुआ व चोकी जयसमन्द से हेड कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह मय जाप्ता को भी मोके पर पहुंचने के लिए बताया बाद चावण्ड से रवाना हो मन थानाधिकारी जाप्ता झाडोल पहुंचा जहा चोकी जयसमन्द से देवेन्द्र सिंह हेड कानि व जाप्ता मौजूद मिला पुलिस जीप को देखकर मारपीट करने वाले लोग भागते दिखे जिसे हमराही जाप्ता ने घेरा डालकर रोका और भुरा(50) पुत्र कालु कालबेलिया,रमेश (30)पुत्र मोहन कालबेलिया निवासी झाड़ोल व काली (27) पत्नि रमेश कालबेलिया निवासी पहाडी पुलिस थाना सराडा जिला सलूम्बर जिन्हे मोके से गिरफ्तार कर थाने पर लाया गया।

# विशाल शोभा यात्रा निकाली



■ संजीवनी टुडे

भूपालसागर। जगतगुरु अंतरराष्ट्रीय संत बाबा बालक नाथ जी महाराज के क्षेत्र के निकटवर्ती गांव काकरवा मे आगमन पर विशाल शोभा यात्रा निकाल ग्राम वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईवे मार्ग स्थित काकरवा बस स्टैंड चौराहे पर भव्य पुष्प वर्षा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संत एवं बेरवा समाज के धार्मिक गुरु बाबा बालक नाथ का धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत जगतगुरु को बग्गी में बैठा कर बैंड बाजो के साथ गांव के विभिन्न मार्गो पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जहां कई ग्राम वासियों द्वारा आरती कर धार्मिक गुरु का अभिनंदन किया गया। इस दौरान हाईवे चौराहे से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर यादव मोहल्ला,बैंक ऑफ़ बड़ोदा,खोडा जी बावजी,रावला चौक,महादेव जी का मंदिर,चारभुजा जी का मंदिर,बाबा रामदेव जी का मंदिर होते हुए बैरवा मोहल्ला स्थित अंबा लाल एवं लालू राम बेरवा के निजी आवास पर पहुंची। वहां परिवार जनों द्वारा विधि विधान के अनुसार गुरु की चरण वंदना कर अभिनंदन किया एवं परिवार में मंगल की कामना की।इस अवसर पर आयोजक अंबा लाल बेरवा,लालू राम बेरवा काकरवा, हजारी लाल,रामलाल,शंकर लाल, चुन्नी लाल बेरवा नकवाल बेरवा परिवार सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

■ संजीवनी टुडे




डूंगरपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कलक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने नगर परिषद वार्ड संख्या 26 के उप चुनाव के मद्देनजर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नगर परिषद को मैदान की साफ सफाई, बैठक व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग ,लाइनिंग, एम्बुलेंस, फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगर परिषद अधिकारी एवं आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी डूंगरपुर को की गई व्यवस्थाओं का मौका मुआयना कर प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ ही सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी अनिवार्यतः मौजूद रहे। बैठक में जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभाग बार दिए गए दायित्वों की अब तक की गई तैयारी की समीक्षा की। बैठक में आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. विजय कुमार जोशी ने बताया कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण रखी गई है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन चारण, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक पंकज कुमार द्विवेदी, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा, जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ. रावत

■ संजीवनी टुडे

## कहा-मेवाड़ क्षेत्र में बांस मिशन की योजनाओं को धरातल पर लाने की है जरूरत



उदयपुर। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खातों में 20,000 करोड़ रुपये वितरित किये गये। इस वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत मंगलवार को विद्या भवन कृषि विज्ञान केन्द्र, उदयपुर पहुंचे और किसानों को दी गयी राहत भरी सौगात में वर्चुअल उपस्थिति दी। इस मौके सांसद डॉ. रावत ने मौजूद 96 किसानों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। किसानों को अपनी जरूरत के अनुसार उनका लाभ लेना चाहिये। उन्होंने मेवाड़ क्षेत्र में बांस मिशन की योजनाओं को भी धरातल पर लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर विद्या भवन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार तायलिया ने सांसद डॉ. रावत का स्वागत किया। संयुक्त निदेशक (कृषि विस्तार) ने राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में किसानों को बताया एवं क्षेत्र के किसानों की जोत कम होने के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में सांसद को अवगत कराया। कृषि विज्ञान केन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी. सी. भटनागर ने केन्द्र की उपयोगी गतिविधियों के बारे में सांसद को बताया एवं बीज प्रतिस्थापन दर को बढ़ा कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। बकरी पालन को खेती के साथ एक प्रमख व्यवसाय बनाने की जरूरत बताया। इस अवसर पर बड़गांव के पूर्व सरपंच पन्नालाल शर्मा व बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक जैन ने किया।

# ब्रेजा कार से 91 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा के साथ एक आरोपी व स्विफ्ट कार से पायलेटिंग करते दो अन्य गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

## डीएसटी की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही



चित्तौड़गढ़। जिला विशेष टीम व बेंगू थाना पुलिस ने बेंगू थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करते हुए कुल 91.200 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित ब्रेजा कार को जब्त कर एक आरोपी सहित स्विफ्ट कार से पायलेटिंग करते दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है ॰ इसी क्रम में जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि बेंगू थाना क्षेत्र में ठुकराई से श्रीनगर, भंवरकिया तरफ जाने वाली ब्रेजा कार में अवैध डोडा चूरा का परिवहन किया जा रहा है जिसकी पायलेटिंग एक स्विफ्ट कार कर रही है ॰ जिला विशेष टीम ने तत्काल इस सूचना से बेंगू थाना पुलिस को अवगत कराया ॰ जिस पर थाने से हमेर लाल उपनिरीक्षक ने जाप्ते सहित श्रीनगर गांव में भंवरकिया की तरफ जाने वाले रास्ते पर पहुंच नाकाबंदी की ॰ नाकाबंदी के दौरान डीएसटी की सूचना के मुताबिक़ श्रीनगर तिराहे काटून्दा मोड़ से रावतभाटा जाने वाले रोड की तरफ से आती हुई एक सफ़ेद रंग की स्विफ्ट कार दिखाई दी जिसमें दो व्यक्ति सवार थे ॰ पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को कार से उतार कर उनके नाम पते पूछे तो दोनों घबरा गये तथा बार-बार पीछे की तरफ देखने लगे तभी श्रीनगर तिराहे से एक ब्रेजा कार तेज़ गति से आती हुई दिखाई दी जिसमें भी दो व्यक्ति सवार थे ॰ कार चालक ने नाकाबंदी तोड़कर गाड़ी को तेज गति से भगाकर ले जाने का प्रयास किया किंतु कार एक मकान के आगे बनी चबूतरी से टक्करा कर रुक गई , जिसका चालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस टीम ने काफी तलाश की किंतु चालक भागने में सफल रहा ॰ पुलिस ने चालक के साथी को बड़ी मुश्किल से पकडा ॰ पुलिस ने नियमानुसार दोनों गाड़ियों की तलाशी ली तो स्विफ्ट कार में कोई अवैधानिक वस्तु नहीं मिली तथा ब्रेजा की तलाशी ली तो पीछे की सीट व डिग्गी में 4 कट्टों में भरा हुआ।

सम्पादक की कलम से....
सम्पादकीय

# देश में घोटालों की जांच पर महासंग्राम जरूरी



भारत की राजनीति बड़ी अजब गजब है। हमारे देश में लोकतान्त्रिक प्रणाली है। लोकतंत्र अर्थात जनता द्वारा जनता के लिए चुना गया शासन। लोकतंत्र भी ऐसा जिसमें देश के सर्वोच्च पद के लिए चुने गए व्यक्ति को गाहे बगाहे आरोपित करने का अधिकार आपको मिल गया है। यानि देश के प्रधानमंत्री को अपशब्द आप जब चाहे बोल सकते है। एक समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बारे में एक शेरनी सौ लंगूर का चुनावी नारा खूब गूंजा था। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध विपक्ष एक जूट हो रहा है। होना भी चाहिए, यह उनका संवैधानिक अधिकार है। सरकार का मुखिया गलत रास्ते पर चले तो विपक्ष को जनता को सावचेत करना चाहिए। आज स्थिति इसके ठीक उलट है। विपक्ष कह रहा है सत्तारूढ़ पार्टी देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट भ्रष्ट कर रही है तो सत्तारूढ़ पार्टी का कहना है जिन लोगों ने देश को लूटा है वे सारे अपनी जान बचाने के लिए एक होने का नाटक कर रहे है ताकि उनके खिलाफ कोई स्वतंत्र जाँच न हो। विपक्ष का आरोप है ये सारी कवायद लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर ही क्यों हो रही है जिसके जवाब में सरकार कह रही है न्यायालय के आदेश पर ऐसा हो रहा है।

खैर हम यहाँ यह विवेचना कर रहे क्या मोदी के खिलाफ वे ताकतें एक जूट हो रही है जिनके खिलाफ सीबीआई या दूसरी केंद्रीय एजेंसियां विभिन्न घोटालों की जाँच में सलंग्न है। आरोप है की केंद्रीय जाँच एजेंसियों को राज्यों के प्रशासन जाँच में सहयोग नहीं कर रहे है। ताजा प्रकरण प बंगाल में सारदा और नारदा नामक चिटफंड कंपनियों की जाँच से उठ खड़ा है जहाँ पूरे देश की सियासत में जबरदस्त संग्राम छिड़ गया है। सीबीआई की अर्जी पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है की कोलकत्ता के पुलिस कमिश्नर को हर हालत में सीबीआई की पूछताछ में सहयोग करना होगा। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सारदा चिटफंड घोटाले में पूछताछ के लिए कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार को सीबीआई के सामने पेश होने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने साथ ही यह साफ किया राजीव की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं होगी। बता दें कि बंगाल की सीएम ममता सीबीआई के खिलाफ तीन दिन से धरने पर बैठीं हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से उनको झटका लगा है। अदालत ने साथ ही राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को सीबीआई की मानहानि याचिका पर नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी। बताया जाता है सीबीआई जब कोलकत्ता के पुलिस कमिश्नर से पूछताछ करने उनके निवास पर गई तो स्थानीय पुलिस ने जाँच अधिकारीयों को न केवल रोका अपितु हिरासत में भी ले लिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तत्काल अपने कमिशनर को क्लीन चिट देते हुए मोदी और शाह को आरोपित करते हुए धरने पर बैठ गई। इस सियासी ड्रामें से देश में पक्ष और विपक्ष में संवैधानिक संकट को लेकर अप्रिय विवाद शुरू हो गया। सीबीआई को सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा।

दूसरी तरफ भाजपा और केंद्र सरकार का कहना है जिन नेताओं के खिलाफ सीबीआई और दूसरी जाँच एजेंसियां जाँच कर रही है वे सभी जाँच से बचने के लिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे है। इनमें नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गाँधी, चारा मामले में सजायाप्ता लालू और उसका परिवार सहित खनन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश , आय से अधिक सम्पति अर्जित करने के मामले में बसपा सुप्रीमों मायावती , चिदंबरम परिवार ,चंद्र बाबू नायडू ,जमीन घोटाले में रोबर्ट वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा शामिल है। पिछले कुछ महीनों में राजनीति के इन महारथियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में जांच कर रही सीबीआई और ईडी ने छापेमारी की। इन सभी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं और इन्हीं मामलों में जांच को आगे बढ़ाते हुए दोनों केन्द्रीय एजेंसियों ने देशभर में इन नेताओं के कई ठिकानों पर छापा मारते हुए साक्ष्य बटोरने की कोशिश की है। इससे ये सभी घबराये हुए है। विपक्षी नेताओ ने सीबीआई की कार्रवाई की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए। वह आरोप लगाते हैं कि काफी लंबे समय से ये मामले ठंडे बस्ते में थे, लेकिन ऐन लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ लेने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सीबीआई पर विपक्षी दलों और सरकारों को परेशान करने का कोई राजनैतिक दबाव है? तो इनके आरोपों में कितनी सच्चाई है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# भारतीय नारी कब तक रहेगी बेचारी?




नारी का नारी के लिये सकारात्मक दृष्टिकोण न होने का ही परिणाम है कि पुरुष उसका पीढ़ी-दर-पीढ़ी शोषण करता आ रहा हैं। इसी कारण नारी में हीनता एवं पराधीनता के संस्कार संक्रान्त होते रहे हैं। जिन नारियों में नारी समाज की दयनीय दशा के प्रति थोड़ी भी सहानुभूति नहीं है, उन नारियों का मन स्त्री का नहीं, पुरुष का मन है, ऐसा प्रतीत होता है। अन्यथा अपने पांवों पर अपने हाथों से कुल्हाड़ी कैसे चलाई जा सकती है? अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए नारी के मन में एक नयी, उन्नायक एवं परिष्कृत सोच पनपे, वे नारियों के बारे में सोचें, अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र की नारी की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझें और उसके समाधान एवं प्रतिकार के लिये कोई ठोस कदम उठायें तो नारी शोषण, उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय का युग समाप्त हो सकता है। इसी उद्देश्य से नारी के प्रति सम्मान एवं प्रशंसा प्रकट करते हुए 8 मार्च का दिन महिला दिवस के रूप में उनके लिये निश्चित किया गया है, यह दिवस उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में, उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले और बाद में हफ्ते भर तक विचार विमर्श और गोष्ठियां होंगी जिनमें महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भूरण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में महिला की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जायेगा। लेकिन इन सबके बावजूद एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं।

महिलाओं के प्रति एक अलग तरह का नजरिया इन सालों में बनने लगा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी के संपूर्ण विकास की संकल्पना को प्रस्तुत करते हुए अनेक योजनाएं लागू की है, जिनमें अब नारी सशक्तीकरण और सुरक्षा के अलावा और भी कई आयाम जोड़े गए हैं। सबसे अच्छी बात इस बार यह है कि समाज की तरक्की में महिलाओं की भूमिका को आत्मसात किया जाने लगा है। आज भी आधी से अधिक महिला समाज को पुरुषवादी सोच के तहत बहुत से हकों से वंचित किया जा रहा है। वक्त बीतने के साथ सरकार को भी यह बात महसूस होने लगी है। शायद इसीलिए सरकारी योजनाओं में महिलाओं की भूमिका को अलग से चिह्नित किया जाने लगा है। एक कहावत है कि औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है और कई कट्टर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। पर विडम्बना है कि उसके हिस्से के पृष्ठों को धार्मिकता के नाम पर 'धर्मग्रंथ' एवं सामाजिकता के नाम पर 'खाप पंचायते' घेरे बैठे हैं। पुरुष-समाज को उन आदतों, वृत्तियों, महत्वाकांक्षाओं, वासनाओं एवं कट्टरताओं को अलविदा कहना ही होगा जिनका हाथ पकड़कर वे उस ढ़लान में उतर गये जहां रफ्तार तेज है और विवेक अनियंत्रण हैं जिसका परिणाम है नारी पर हो रहे नित-नये अपराध और अत्याचार। पुरुष-समाज के प्रदूषित एवं विकृत हो चुके तौर-तरीके ही नहीं बदलने हैं बल्कि उन कारणों की जड़ों को भी उखाड़ फेंकना है जिनके कारण से बार-बार नारी को जहर के घूंट पीने एवं बेचारगी को जीने को विवश होना पड़ता है। पुरुषवर्ग नारी को देह रूप में स्वीकार करता है, लेकिन नारी को उनके सामने मस्तिष्क बनकर अपनी क्षमताओं का परिचय देना होगा, उसे अबला नहीं, सबला बनना होगा, बोझ नहीं शक्ति बनना होगा।

'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। आज अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं शक्ल बदल-बदल कर काले अध्याय रच रही है। देश में गैंग रेप की वारदातों में कमी भले ही आयी हो, लेकिन उन घटनाओं का रह-रह कर सामने आना त्रासद एवं दुःखद है। आवश्यकता लोगों को इस सोच तक ले जाने की है कि जो होता आया है वह भी गलत है। महिलाओं के खिलाफ ऐसे अपराधों को रोकने के लिए कानूनों की कठोरता से अनुपालना एवं सरकारों में इच्छाशक्ति जरूरी है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरोध में लाए गए कानूनों से नारी उत्पीड़न में कितनी कमी आयी है, इसके कोई प्रभावी परिणाम देखने में नहीं आये हैं, लेकिन सामाजिक सोच में एक स्वतः परिवर्तन का वातावरण बन रहा है, यहां शुभ संकेत है। महिलाओं के पक्ष में जाने वाले इन शुभ संकेतों के बावजूद कई भयावह सामाजिक सच्चाइयां बदलने का नाम नहीं ले रही हैं। देश के कई राज्यों में लिंगानुपात खतरे के निशान के करीब है। देश की राजधानी में महिलाओं के हक के लिए चाहे जितने भी नारे लगाए जाएं, लेकिन खुद दिल्ली शहर से भी बुरी खबरें आनी कम नहीं हुई हैं। तमाम राज्य सरकारों को अपनी कागजी योजनाओं से खुश होने के बजाय अपनी कमियों पर ध्यान देना होगा। योजना अपने आप में कोई गलत नहीं होती, कमी उसके क्रियान्वयन में होती है। कुछ राज्यों में बेटी की शादी पर सरकार की तरफ से एक निश्चित रकम देने की स्कीम है। इससे बेटियों की शादी का बोझ भले ही कम हो, लेकिन इससे बेटियों में हीनता की भावना भी पनपती है। ऐसी योजनाओं से शिक्षा पर अभिभावकों का ध्यान कम जाएगा। जरूरत नारी का आत्म-सम्मान एवं आत्मविश्वास कायम करने की है, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की है। नारी सोच बदलने की है। उन पर जो सामाजिक दबाव बनाया जाता है उससे निकलने के लिए उनको प्रोत्साहन देना होगा। ससुराल से निकाल दिए जाने की धमकी, पति द्वारा छोड़ दिए जाने का डर, कामकाजी महिलाओं के साथ कार्यस्थलों पर भेदभाव, दोहरा नजरियां, छोटी-छोटी गलतियों पर सेवामुक्त करने की धमकी, बड़े अधिकारियों द्वारा सैक्सअल दबाब बनाने, यहां तक कि जान से मार देने की धमकी के जरिये उन पर ऐसा दबाव बनाया जाता है। इन स्थितियों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है नारी को खुद हिम्मत जुटानी होगी, साहस का परिचय देना होगा लेकिन साथ ही समाज को भी अपने पूर्वाग्रह छोड़ने के लिए तैयार करना होगा। इन मुद्दों पर सरकारी और गैरसरकारी, विभिन्न स्तरों पर सकारात्मक नजरिया अपनाया जाये तो इससे न केवल महिलाओं का, बल्कि पूरे देश का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। रामायण रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की यह पंक्ति-'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ 'नारीशक्ति' की पूजा होती आई है फिर क्यों नारी अत्याचार बढ़ रहे हैं?


### विचार बिन्दु



**ललित गर्ग**

**क्यों महिला दिवस मनाते हुए नारी अस्तित्व एवं अस्मिता को सुरक्षा देने की बात की जाती है? क्यों उसे दिन-प्रतिदिन उपेक्षा एवं तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। इसके साथ-साथ भारतीय समाज में आई सामाजिक कुरीतियाँ जैसे सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहू पति विवाह और हमारी परंपरागत रूढ़िवादिता ने भी भारतीय नारी को दीन-हीन कमजोर बनाने में अहम भूमिका अदा की। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाओं के लिए यह आवश्यक है कि मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य-ल्लआँचल में है दूधक्क को सदा याद रखें।**

# भगवान शिव के हर रूप के दर्शन हो जाएंगे कर्नाटक के इन शिव मंदिरों में



दक्षिण भारत में मूर्ति पूजा अधिक होती है इसलिए वहां काफी भव्य आकार के मंदिर भी हैं और ये मंदिर काफी पुराने और खूबसूरत भी हैं। आइये जानते हैं कर्नाटक में स्थित भगवान के शिव मंदिरों के बारे में।

कहते हैं इस धरती को बनाने वाला भगवान है और हम सब भगवान के बच्चे हैं। भारत में हिंदू धर्म में भगवान को आकार दिया गया है और काफी लोग मूर्ति पूजा में विश्वास रखते हैं। वैसे तो भगवान को सभी मानते हैं लेकिन आप लोगों ने अकसर देखा होगा कि दक्षिण भारत के लोग अपनी संस्कृतियों को लेकर काफी भावुक होते हैं। उनका पूजा पाठ में घोर विश्वास होता है वो किसी भी तरह का खिलवाड़ अपनी संस्कृति, रीति रिवाज के खिलाफ बर्दाश्त नहीं करते हैं। दक्षिण भारत में मूर्ति पूजा अधिक होती है इसलिए वहां काफी भव्य आकार के मंदिर भी हैं और ये मंदिर काफी पुराने और खूबसूरत भी हैं।

कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड जिले के गोकर्ण में बने इस प्रसिद्ध शिव मंदिर को महाबलेश्वर मंदिर कहा जाता है। यह एक प्राचीन मंदिर है, जो चौथी शताब्दी से संबंध रखता है। इस मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में किया गया था। यह मंदिर दक्षिण के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में गिना जाता है। यह मंदिर का मुख कारवार सिटी बीच की तरफ है, जहां तीर्थयात्री स्नान कर मंदिर दर्शन के लिए जाते हैं। भगवान शिव का दूसरा नाम है 'मुरुदेश्वर'। मुरुदेश्वर मंदिर कर्नाटक में स्थित कंडुका पहाड़ी पर बनाया गया है, जोकि तीनों तरफ से अरब सागर से घिरा हुआ है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और अन्य सभी प्रमुख दक्षिण भारतीय मंदिरों की तरह मंदिर में 20 मंजिला गोपुरा बना हुआ है।

मंजुनाथ मंदिर कर्नाटक के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक प्रसिद्ध शिव मंदिर हैं। यह कर्नाटक के दक्षिण कन्नड जिले के धर्मस्थल नगर में बना हुआ है। यहां भगवान शिव की पूजा मंजुनाथ रूप में होती है। इस मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति के साथ अम्मानवारू, तीर्थंकर चंद्रप्रभा, जैन धर्म रक्षक, कन्याकुमारी आदि देवी-देवताओं की प्रतिमाएं मौजूद हैं। श्रीकांतेश्वर मंदिर कर्नाटक राज्य की तीर्थनगरी नंजनगुड में बना है।

यह एक प्राचीन मंदिर है, जहां भोलेनाथ की पूजा श्रीकांतेश्वर नाम से होती है। यह मंदिर कावेरी की सहायक नदी कपिला के तट पर स्थित है। भोलेनाथ का यह मंदिर भी दक्षिण काशी के नाम से जाना जाता है। नंजू एक कन्नड शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ विष यानी जहर है।

## आज का इतिहास



### महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1715 स्पेन और पुर्तग़ाल के बीच युद्ध समाप्त हुआ।
1716 ब्रिटेन और हालैंड के बीच गठबंधन का नवीनीकरण।
1778 ब्रिटेन ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया।
फ़्रांस ने अमेरिका को मान्यता प्रदान की।
1788 मैसाचुसेट्स संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान को मानने वाला छठा राज्य बना।
1819 सर थॉमस स्टैमफ़र्ड रैफ़ेल्स ने सिंगापुर की खोज की।
1833 ओट्टो आधुनिक समय में यूनान के पहले सम्राट बने।
1869 यूनान क्रीट छोड़ने को राजी हुआ।
1891 उड़ान के क्षेत्र में अग्रणी डच-एंटन हरमान फ़ोकर का जन्म।
1899 स्पेन ने क्यूबा प्यूटो रिको गुआम और फिलीपींस अमरीका को सौंप दिए।
1911 अमेरिका के एरिजोना में पहला वृद्धाश्रम खोला गया।
1918 तीस वर्ष से अधिक की आयु की महिलाओं को ब्रिटेन में मतदान करने का अधिकार मिला।
1922 कार्डिनल एशिले रैट्टी पोप चुने गए।
1941 ब्रिटिश सेना ने लीबिया के बेनगाजी शहर पर कब्जा किया।
1942 द्वितीय विश्वयुद्धःयूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1951 अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1952 ब्रिटेन नरेश जार्ज छठवें के निधन के बाद एलिजाबेथ द्वितीय गद्दी पर बैठीं।

# साइबर अटैक का बढ़ता खतरा

### विचार बिन्दु



**आशीष वशिष्ठ**

**क्विक हील टेक्नोलॉजीस का एंटरप्राइज सिक्योरिटी सॉल्यूशन ब्रांड सिकराइट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में भारत में हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर में टार्गेटेड रैनसमवेयर अटैक बढ़ जाएंगे।**

दुनिया की सबसे ताकतवर समझी जाने वाली अमेरिकी सरकार की कई एजेंसियां बीते साल के आखिरी महीने में साइबर अटैक का शिकार हुईं। ये हमला अमेरिका पर अब तक का सबसे बड़ा साइबर अटैक बताया जा रहा है। फायर आई नाम की एक साइबर-सिक्योरिटी फर्म ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों की हैकिंग का पता लगाया था। फायर आई का कहना है कि करीब 18,000 संगठनों के नेटवर्क में मैलीशियस कोड है लेकिन सिर्फ 50 में ही जानकारी लीक हुई है। तेजी से विकसित होते हमारे राष्ट्र पर भी साइबर अटैक के हमलों की आंशका बढ़ गई है। बीते साल 12 अक्तूबर को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के एक हिस्से की बिजली किसी मानवीय गलती से गुल नहीं हुई थी, बल्कि साइबर सिस्टम के जरिए बिजली उत्पादन और प्रसारण के ग्रिड को एकदम फ़ेल करने की साजिश थी। अमरीकी रपट में भी यही आशंका जताई गई है कि वह साजिशाना हरकत चीनी हैकर्स ने की थी। बेशक रपट का आधार ठोस साक्ष्यों पर नहीं है, लेकिन ऐसे आकलन और आशंकाओं के साक्ष्य सार्वजनिक नहीं किए जाते। बल्कि भारत का पॉवर ग्रिड फ़ेल करने के खतरे मंडरा रहे हैं, ऐसा साइबर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है। केंद्रीय ऊर्ज़ा मंत्री आर.के.सिंह चीनी हैकर्स के साइबर अतिक्रमण और हमले को, अधिकृत तौर पर, स्वीकार करें अथवा न करें, लेकिन अमरीकी संस्था की रपट को हम यूं ही नकार नहीं सकते। अमरीका हमारा रणनीतिक साझेदार है और उसने अपनी भूमिका निभाते हुए हमें आगाह किया है। चीन के सरकारी या सरकार-समर्थित हैकर्स हम पर साइबर हमले करते आए हैं, साजिशें रचते रहे हैं। यानी व्यवस्था को ठप कर देने की खतरे हम पर मंडरा रहे हैं।

भारत के अलावा अमरीका, जापान, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन सरीखे देशों को भी चीनी हैकर्स निशाना बनाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। हमारे देश में प्रधानमंत्री दफ्तर, गृह और विदेश मंत्रालयों की वेबसाइट्स को निशाना बनाया जा चुका है। डीआरडीओ, पॉवर ग्रिड, एनआईसी और सर्बर पर हमले किए जा चुके हैं। ओएनजीसी, रेलवे निगम, सरकारी बैंकों, सरकारी डाटा सेंटर और निजी कंपनियों को भी निशाना बनाया जा चुका है। उसके बावजूद हमारे पास न तो साइबर कानून की ठोस व्यवस्था है और न ही कारगर, आक्रामक रणनीति है। साइबर का महत्त्वपूर्ण ढांचा सरकार और निजी क्षेत्र दोनों के पास है। मामला सिर्फ मुंबई की बत्ती गुल होने का नहीं है।

रक्षा, चिकित्सा, ऊर्ज़ा, परिवहन, अनुसंधान, बैंकिंग, दूरसंचार, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के साथ कई अन्य क्षेत्र ऐसे हैं जिन पर साइबर हमलों की काली छाया मंडरा रही है। 12 जुलाई, 2012 को हैकरों ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर के मुख्य ईमेल सर्वर में सेंध लगाई थी। जांच से पता चला कि लगभग 12,000 ईमेल खाते हैक हुए हैं। जिसमें विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस समेत लगभग कई उच्च स्तर के अधिकारी व महत्वपूर्ण व्यक्ति शामिल थे। हैकरों का सारा ध्यान सीक्रेट्स पर था। उन्होंने टुकडियों की तैनाती के स्थानों और आइटीबीपी (कमांडरों) और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के बीच संवाद जैसी गुप्त सूचनाएं चुराई गई थी। कोरोना वायरस महामारी की वजह से फार्मा कंपनियों का बिजनेस बढ़ा है। दुनिया कोरोना वैक्सीन के लिए फार्मा कंपनियों पर ही निर्भर है।

इस समय सरकारें भी इन कंपनियों पर विशेष ध्यान दे रही हैं। पिछले दिनों ही साइबर हमलों के साये सीरम इंस्टीट्यूट और भारत बायोटैक सरीखी कंपनियों पर मंडराने की सूचनाएं साझा की गई हैं। ये दोनों कंपनियां ही कोरोना टीके का उत्पादन कर रही हैं। साफ है कि चीन भारत के व्यापक टीकाकरण अभियान को ठप करना चाहता है। इन कंपनियों के आईटी सिस्टम में सेंध लगाकर टीकों का फॉर्मूला चुराने के मंसूबे भी होंगे! यकीनन यह बिल्कुल भी आसान नहीं है। हालांकि भारत सरकार ने इन दोनों कंपनियों पर साइबर हमले की संभावनाओं को खारिज किया है। आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि बाबा रामदेव की 'पतंजलि योगपीठ' और दिल्ली का 'एम्स' अस्पताल भी निशाने पर बताए जा रहे हैं। कल्पना कीजिए अगर साइबर हमला करना या आईटी सिस्टम में अतिक्रमण कर गड़बड़ी पैदा करना, किसी भी स्तर पर, संभव होता है, तो महामारी के खिलाफ हमारी लड़ाई अधबीच में ही लटक सकती है।

# डिजिटल सिस्टम से होगी सेहत की रखवाली

हैल्थ संवाददाता

हर इंसान चुस्त-दुरुस्त रहना चाहता है। नए साल के मौके पर हैल्थकेयर इंडस्ट्री आपके लिए खास चीजें लेकर आने वाली है।
जैसे-जैसे समय गुजरेगा आपको पता लगेगा कि अब सेहतमंद रहना आपकी मुट्ठी में है। आप चाहें तो स्मार्टफोन की मदद से भी स्वस्थ रह सकते हैं। अब डॉक्टर्स के पीछे भागने की जरूरत नहीं होगी। आपको किसी भी समय, कहीं भी बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिल जाएंगी।



## एप्स करेंगे सेहत की रखवाली

वर्ष 2015 में हम सबने देखा कि किस तरह से हैल्थ एप्स ने हमारी सेहत की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। साल 2016 में सेहत के लिए हैल्थ एप्स पर निर्भर रहने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा होगा। इन एप्स की मदद से कहीं भी और कभी भी सेहत संबंधी सलाह ली जा सकती है। ये एप्स आपातकालीन स्थिति में काफी मददगार साबित होते हैं। जहां साल 2013 में 16 फीसदी यूजर्स के फोन में कम से कम एक हैल्थ एप हुआ करता था वहीं वर्ष 2015 में यह आंकड़ा बढ़कर 32 फीसदी हो चुका है। कनेक्टेड डिवाइस फिटनेस ट्रैकर तक ही सीमित नहीं रहेंगे। आने वाले समय में ईसीजी मॉनीटर, ग्लूकोज ट्रैकर, कनेक्टेड पेसमेकर का ट्रेंड रहेगा। अपरिहार्य स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ये एप्स सीधे विशेषज्ञों के साथ जानकारियां शेयर कर सकेंगे जिससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

## मेंटल हैल्थ पर रहेगा जोर



वर्ष 2016 में वास्तविक ब्रांड ड्रग्स के मुकाबले बायो सिमिलियर ड्रग्स का चलन बढ़ेगा जिससे दवा की कीमतों में भी कमी आएगी। हैल्थ के क्षेत्र में मेंटल हैल्थ पर सबसे ज्यादा फोकस किया जाएगा। लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक सेहत को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे। एक शोध के मुताबिक हर पांच में से एक अमरीकी वयस्क मानसिक रोग से ग्रसित है। सालाना खरबों रुपयों के मानसिक स्वास्थ्य के बिजनेस के और तेजी से बढने् का अनुमान है।

## हर जगह फिटनेस क्लासेज

वर्ष 2016 में फिटनेस क्लासेज सबके लिए मुहैया होंगी। कई बड़ी कंपनियां और स्टार्टअप्स इस दिशा में काम कर रहे हैं कि फिटनेस क्लासेज को सबके लिए सुलभ किस तरह से बनाया जाए। इसके साथ ही वियरेबल टेक्नोलॉजी की मदद आप माइंडसेट ट्रेनिंग ले सकेंगे। इससे आप अपने फिटनेस लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छोटे-छोटे समूहों में फिटनेस की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में बेसिक हैल्थ से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शेयर की जाएंगी।

## हैल्थ हो जाएगी डिजिटल

वर्ष 2016 में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर फोकस करने वाले स्टार्टअप्स अपना नजरिया बदलेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को हैल्थकेयर सेक्टर पर फोकस करेंगे। मरीज की स्थिति को देखकर मशीनें फैसला ले सकेंगे और दवा व उपचार में मदद कर सकेंगी। हैल्थकेयर इंडस्ट्री में हैल्थ आईटी, मेडिसिन-डिवाइस, बायोटेक, लाइफ साइंसेज, कन्ज्यूमर हैल्थ और वैलनेस जैसी शाखाओं पर विशेष ध्यान दिया जाने लगेगा। डिजिटल हैल्थ का बोलबाला बढ़ेगा। यही नहीं 2016 में हैल्थ इंश्योरेंस को मैनेज करने के लिए नए टूल्स विकसित होंगे और सेहत से जुड़े डाटा का आकार बढ़ेगा। हाईटेक डेटाबेस का विश्लेषण करके मरीज की बीमारी के इतिहास का तुरंत पता लगा लिया जाएगा। इससे मरीज को समय पर सही इलाज मिल सकेगा। मोटापे और डायबिटीज जैसी क्रॉनिक डिजीज से लडने् के लिए कारगर उपाय सामने आएंगे।

# उफ! क्या करें... वजन ना हुआ कम

घंटों वर्कआउट से पसीना बहाया और अपनी पसंदीदा खाने की चीजों से समझौता भी किया। हर उस डाइट को अपनाने की कोशिश की जो कुछ दिनों में काया पलटने के दावे करती थी। इन सबके बाद भी वजन कम न हो तो प्रश्न उठता है कि आखिर करें तो क्या? विशेषज्ञ कहते हैं कि यह एक दिन की दौड़ नहीं मैराथन है। अच्छे नतीजों के लिए लंबे समय तक तैयारी जारी रखनी होती है। वजन बढ़ना और तमाम प्रयास के बावजूद वजन कम न कर पाना कई बातों पर निर्भर करता है। तनाव, आनुवंशिक कारण, नींद पूरी न होना, थाइरॉएड या मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव वजन बढ़ने का कारण हो सकते हैं। लेकिन यह भी संभव है कि जानकारी के अभाव में आप ऐसी गलतियां कर रहे हों, जो आपकी सभी कोशिशों पर भारी साबित हो रही हैं।

## लक्ष्य हो व्यावहारिक

मुंबई स्थित न्यूट्रिशनिस्ट माधुरी रुइया के अनुसार, एक हफ्ते में 5 किलो या एक माह में 20 से 25 किलो वजन कम करने जैसे अव्यावहारिक लक्ष्य न बनाएं। धीमी गति से लंबे समय तक वजन कम करने के लिए खुद को तैयार करें। अपने वजन का एक प्रतिशत हर सप्ताह कम करें। अगर आप पुरुष हैं और कद 180 सेमी व वजन 95 कि.ग्रा. है, तो अपना आदर्श वजन निकालने के लिए कद में से 100 घटा दीजिए। इस मामले में यह 80 कि.ग्रा. होगा। अब अगर15 किलोग्राम वजन कम करना है, तो एक हफ्ते में 950 ग्राम वजन कम करने का लक्ष्य बनाएं। अगले हफ्ते 900 ग्राम, उसके बाद 850 ग्राम। महिलाओं को कद में से 105 कि.ग्रा. घटाना चाहिए। पुरुषों की कमर 36 इंच व महिलाओं की 31.5 इंच से कम होनी चाहिए।

## अपने शरीर को समझे

वेलनेस एक्सपर्ट डॉ. शिखा शर्मा अपनी पुस्तक आर यू फीडिंग योर हंगर ऑर योर इमोशंस में लिखती हैं, जीन के कारण शरीर के मेटाबॉलिज्म, संरचना व भावनात्मक प्रतिक्रिया पर असर पड़ता है, पर यह भूमिका केवल 30% होती है। दृढ़ इच्छाशक्ति, सही डाइट व उचित व्यायाम का चुनाव करके वजन कम किया जा सकता है। शरीर के कुल वजन में मांसपेशी, वसा, हड्डी और पानी का वजन शामिल होता है। डॉ. माधुरी कहती हैं, जब सही तरीके से वजन कम करते हैं तो सबसे अधिक वसा कम होती है। मांसपेशियां मजबूत होती हैं। पर लंबे समय तक लो कैलोरी डाइट से मांसपेशियों का द्रव्यमान तो कम होता ही है, वसा का स्तर भी बढ़ता है। पर्याप्त पोषण के अभाव में कमजोरी व थकावट होती है। शरीर का आकार बिगड़ने लगता है। साथ ही वसा व शरीर के आपसी तालमेल में भी गड़बड़ी उत्पन्न होती है। टॉक्सिन पैदा करने वाली चीजें और अपचा भोजन शरीर में विषाक्त तत्वों को बढ़ाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार इससे ऊर्जा का प्रवाह पूरे शरीर में नहीं हो पाता। लिवर कमजोर होता है। बार-बार खाने की इच्छा होती है।

**पुरुषों की कमर 36 इंच व महिलाओं की 31.5 इंच से कम होनी चाहिए।**



## सेहत भी जरूरी

इस बात में कोई तुक नहीं कि आप वजन कम करने के लिए सेहत और शरीर के लिए जरूरी ऊर्जा से समझौता करें। सही तरीके से वजन कम करें। वजन कम करने में बढ़िया डाइट और व्यायाम का तालमेल बेहद जरूरी है। सभी समूह का भोजन करें यानी ज्वार बाजार आदि साबुत अनाज लें, तो ब्राउन राइस, पनीर, दूध आदि भी लें। कम स्टार्च वाली सब्जियां काली मिर्च, गोभी, ब्रोकली व मशरूम भी खाएं, तो कुछ मात्रा में वसा उत्पाद भी। वजन कम करने की प्रक्रिया आसान लगेगी। ऊर्जा का स्तर बना रहेगा।

## वजन कम न होने की वजह

शुरुआती उत्साह में लोग व्यायाम अधिक करते हैं और खाते कम हैं। नतीजा होता है कि शुरुआत के दो सप्ताह बाद ही शेड्यूल पर कायम नहीं रह पाते। पर्याप्त डाइट के अभाव में मेटाबॉलिक रेट कम होने लगती है। शुरू में तो वजन कम होता है, पर धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। डॉ. माधुरी कहती हैं, शुरुआत आसान व्यायाम से करें। कई तरह के व्यायाम करें, एरोबिक व्यायाम, स्टेमिना बढ़ाने वाले व्यायाम और क्रॉस ट्रेनिंग। कार्डियो और और वेट ट्रेनिंग दोनों में संतुलन बनाएं। कम से कम सप्ताह में तीन बार वेट ट्रेनिंग करें और नियमित 20 मिनट कार्डियो व्यायाम करें।

## वसा और कार्बोहाइड्रेट से परहेज

कार्बोहाइड्रेट वे पोषक तत्व हैं जो ऊर्जा में सबसे बेहतर तरीके से परिवर्तित होते हैं। ऐसे में आहार से कार्बोहाइड्रेट को बहुत कम करना यानी कार को बिना ईंधन के चलाना। पूरी तरह कार्बोहाइड्रेट बंद करने की जगह रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे ब्रेड, क्रेकर्स, सफेद चावल, बिस्कुट व मैदा से बनी चीजों को कम करें। घर का बना संतुलित आहार खाएं। भोजन से पूरी तरह वसा यानी चिकनाईयुक्त पदार्थ हटाने से बार-बार खाने की इच्छा बढ़ जाती है। शरीर पोषक तत्वों को ढंग से ग्रहण नहीं करता। वसा में घुलनशील विटामिन ए, डी व कैल्शियम शरीर को नहीं मिल पाते। इसी तरह पूरी तरह ग्लूटन फ्री डाइट यानी गेंहू, जौ व साबुत अनाज न खाना शरीर में फोलेट व फाइबर तत्वों की कमी करता है।

## भोजन न करना

यह सही है कि दोपहर में भोजन न करके सीधे रात में भोजन करना आपकी कैलोरी की मात्रा को घटा सकता है। पर भूख और तृप्ति का एहसास कराने वाले ग्रलिन और लैप्टिन हार्मोन तभी ढंग से काम करते हैं जब हम हर चार घंटे बाद कुछ न कुछ खाते हैं। खान-पान और व्यायाम से जुड़े अधिक प्रतिबंध भूख लगने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। दिसंबर 2015 में हुए एक शोध में चूहों के खाने में लंबे अंतराल रखने पर उनमें तृप्ति का एहसास कराने वाले ग्रलिन हॉर्मोन के स्तर में कमी देखने को मिली। जिससे उन्होंने बाद में पहले से अधिक खाया। इससे शरीर की हानिकारक वसा को लाभदायक वसा में बदलने की क्षमता भी कम होती है।

## गलत डाइट का चुनाव

हर शरीर की डाइट संबंधी जरूरत अलग होती है। बिना जाने कोई भी डाइट अपनाने से डाइट या तो जेब पर भारी पड़ती है या फिर शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता।

लंबे समय तक सूप व सलाद पर आधारित क्रेश डाइट अपनाने से शुरुआत में वजन कम होता है, पर ये स्थायी नहीं रह पाता। डाइट में से पूरी तरह प्रोटीन यानी अंडा, दूध, पनीर और मुर्गी उत्पादों को हटाने से कमजोरी महसूस होती है, मांसपेशियों में अनियमितता आती है, बाल व नाखून टूटते हैं, असमय बुढ़ापा नजर आने लगता है।

पोषण व जेब दोनों के अनुकूल डाइट ही स्थायी रह पाती है। हफ्ते में एक दिन कुछ मनपसंद भी खाएं।

# बच्चे के गले में जब फंस जाए सिक्का

## तब आजमाएं ये अचूक उपाय



### गले में सिक्का अटकने पर

कई बार छोटे बच्चे सिक्का या कोई अन्य चीज निगल लेते हैं, जिससे वह गले में फंस जाती है। ऐसा होने पर बच्चे को खड़ा करके मुंह में रुमाल फंसाते हुए सिर के पीछे की तरफ बांध दें। इससे वह लंबी सांस नहीं लेगा। लंबी सांस लेने से सिक्का अंदर जाकर आंतों में फंस सकता है। फिर आगे की ओर झुकाकर एक हाथ नाभि पर रखें व दूसरे हाथ से थपथपाएं। फंसी चीज बाहर आ जाएगी। नकसीर, चक्कर व लो-हाई बीपी जैसी आम परेशानियां हैं। अगर अचानक कहीं किसी का बीपी लो हो जाए, तो फर्स्ट एड के रूप में इन तरीकों को अपनाकर स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है...

### चक्कर आने की स्थिति में

दो चम्मच चीनी व चौथाई चम्मच नमक का घोल बनाकर दें व नाक और मुंह के बीच वाले स्थान को दबाएं। ध्यान रहे चीनी व नमक के घोल वाला उपाय सामान्य लोग ही करें। हाई बीपी व डायबिटीज के मरीज न करें। वे फर्स्ट एड के तौर पर नाक व मुंह के बीच वाले स्थान को दबाने वाला तरीका आजमा सकते हैं।



### लो-ब्लडप्रेशर

हथेली-तलवे ठंडे होकर उनमें पसीना आना इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर दोनों हथेलियों व तलवों को 5- 10 मिनट तक रगड़ें।

### हाई ब्लडप्रेशर

सांस में तकलीफ, घबराहट व पसीना आना इसके लक्षण हैं। ऐसा होने पर आज्ञाचक्र (माथे पर बिंदी लगाए जाने वाला स्थान) को एक से डेढ़ मिनट तक दबाएं। इसके अलावा दोनों हाथों की सबसे छोटी अंगुली के नाखून दबाएं।



### सीने में तेज दर्द या जलन

ऐसे में हाथ की कलाई को एक रुमाल से कसकर बांधें व देर किए बगैर अस्पताल ले जाएं। इससे क्लॉटिंग की आशंका कम होगी।

### नकसीर फूटने पर


व्यक्ति को जमीन पर सीधा लेटाएं व पैरों को एक से डेढ़ फीट की ऊंचाई पर किसी मेज आदि पर रखें। उसके बाद सिर पर ठंडी पट्टी या आइसबैग रखें व गीली मिट्टी सुंघाएं।

# शरीर पर विकृत आहार का प्रभाव

यह एक अकाट्य तथ्य है कि भोजन स्वास्थ्य की आवश्यकता है, स्वाद की नहीं। आज हम भोजन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नहीं, जिह्वा के स्वाद के लिए करते हैं। शरीर का पोषण करने वाले तत्वों की अनदेखी कर स्वाद का रस प्रदान करने वाले फास्ट फूड एवं जंक फूड को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। भौतिकवादी वर्तमान युग में भोजन को केवल जायके एवं स्वाद की नजर से देखने का कारण डिब्बाबंद आहार एवं फास्ट फूड का रिवाज बढ़ गया है। वैज्ञानिक मान्यता है कि फास्ट फूड आधारित आहार में विद्यमान कैलोरी और वसा हमारी एक दिन की ऊर्जा जरूरत पूरी करने में समर्थ तो है मगर इसकी आदत पड़ जाने से हम दिन में कई बार इसकी ओर आकर्षित होने लगते हैं। परिणामस्वरूप शरीर में वशा की मात्रा बढ़ने लगती है और हम अनचाहे मोटापे का शिकार बन जाते हैं।

डिब्बाबंद भोज्य पदार्थों में जिन रसायनों क प्रयोग किया जाता है, वे शरीर के न्यूरोहार्मोनल संस्थान पर असर डालते हैं। इन खाद्य पदार्थों को आकर्षक एवं तरोताजा रखने के लिए सोडियम बेंजाइक एसिड, मैग्नीशियम क्लोराइड, कैल्शियम साइट्रेट, सल्फर डाइ-आक्साइड, एरोथ्रोसीन आदि मिलाया जाता है। भोज्य पदार्थों में मिलाए जाने वाले इन रसायनों के असर बताने वाले शोधकर्ता रोंगटे खड़े करने वाले आंकड़े प्रस्तुत करते हैं। बेंजोइक एसिड बहुत अधिक हानिकारक रसायन है। इसकी हल्की-सी मात्रा भी त्वचा को झुलसाने में सक्षम है। इसकी दो ग्राम मात्रा कुत्ते या बंदर को दी जाए तो वह तुरन्त मर जायेगा।

मैग्नीशियम क्लोराइड तथा कैल्शियम साइट्रेट से आंतों में घाव हो जाते हैं। इनके कारण मसूड़ों में सूजन आ जाती है तथा किडनी क्षतिग्रस्त हो सकती है। सल्फर डाइआक्साइड से उदर-विकार उत्पन्न होते हैं। एरोथ्रोसीन भोजन की नली से लेकर समूचे पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाती है। यही नहीं, डिब्बाबंद आहार के इस्तेमाल से ई. कोलाई, सालमोनेला, सुजेला क्लेकसुला जैसे जीवाणुओं एवं विषाणुओं का संक्रमण हो जाता है। इससे निमोनिया, बेहोशी, तेज बुखार, मस्तिष्क ज्वव, दृष्टिदोष, सयु विकार, हृदयाघात आदि बीमारियां पनपने लगती हैं। स्वास्थ्य संबंधी इन गंभीर परिणामों को जानते हुए भी फास्ट फूड एवं जंक फूड का बढ़ता रिवाज किसी सामूहिक विनाश को आमंत्रण प्रदान करने के समान है।



# कार्तिक ने प्रशंसकों का माना आभार...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों ने कार्तिक के अभिनय की जमकर तारीफ की साथ ही फिल्म की कहानी भी प्रशंसकों को बेहद पसंद आई। इन दिनों कार्तिक अपनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसकों से मिले प्यार से कार्तिक बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। फिल्म ने अपने चौथे दिन भारत में लगभग 6.01 करोड़ की कमाई की।

लाइफ Style



# पशिमना

## ऋतिक ने दी ये सलाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋतिक रोशन की बहन और म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पशिमना रोशन 'इश्क विश्क रिबाउंड'से बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म में वह फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे।


यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच पशिमना ने एक साक्षात्कार में ऋतिक रोशन से मिली सलाह के बारे में साझा किया। साक्षात्कार के दौरान पशिमना से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें उनके भाई ऋतिक और चाचा राकेश रोशन से कोई सलाह मिली है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, 'बिल्कुल, मुझे एक कलाकार के रूप में कैसे सुधार करना है और जीवन में कैसे खुद को बेहतर बनाना है, इसके लिए मुझे उनसे सलाह मिली है। एक फिल्म या एक फिल्म निर्माता को एक चरित्र की आवश्यकता होती है। इससे कम पर समझौता नहीं किया जा सकता। असली खेल तो अब शुरू हो रहा है। मैं शुक्रवार को 'इश्क विश्क रिबाउंड'से डेब्यू कर रही हूं। इस फिल्म के बाद मुझे एक फ्रीलांसर की तरह और काम ढूंढना होगा।' अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने इतनी देर से क्यों डेब्यू किया, तो उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में होना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। मुझे कैमरे के सामने तैयार रहना पड़ता था। मैं अपने अभिनय और डांसिंग स्किल पर काम कर रही थी। यह केवल एक महीने का सफर नहीं है, इसमें लंबा समय लगता है।

हॉलीवुड मसाला



# डांस मूव्स के लिए हुए ट्रोल...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट इन दिनों अपने एराज टूर पर निकली हुई हैं। इस शो के लिए उनके चाहने वालों में अलग किस्म की दीवानगी देखने को मिल रही है। वहीं, इंटरनेट पर टेलर स्विफ्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे वे डांस करती नजर आ रही हैं। उस वीडियो की वजह से टेलर को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया है, 'टेलर से बेहतर डांस मेरा छोटा भाई कर लेता है'।




# ब्रैड की आगामी फिल्म अगले साल होगी रिलीज

लॉस एंजिलिस। ब्रैड पिट की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फॉर्मूला 1 पर आधारित यह फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान 'टॉप गन: मेवरिक' बना चुके जोसेफ कोसिंस्की के हाथों में है। ब्रैड पिट हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह फॉर्मूला 1 रेसिंग पर आधारित फिल्म में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अगले साल 25 जून को रिलीज होगी। सिनेमाघरों में इस फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए एपल ने वॉर्नर ब्रदर्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी इन दिनों अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एपल टीवी प्लस पर फिल्मों को लाने से पहले ज्यादातर फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है।



# अशिमत पर भड़क गई थीं मल्लिका...

**मुंबई।** अशिमत पटेल फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत के साथ काम कर चुके हैं। अशिमत ने कहा, 'फिल्म में एक सीन था जहां पर मुझे उनके गला को दबाना था।' मुझे याद है मैंने नसीर साहब से पूछा कि कैसे चोक कर सकते हैं, बिना किसी को असर में डाले। उन्होंने फिर बताया कि कैसे करें कि एक्सप्रेशन से लगेगा कि आप कर रहे हो, लेकिन असल में ऐसा नहीं हुआ। मैंने फिर वैसे ही किया और कट के बाद मल्लिका ने इश्यू बना दिया। अशिमत ने बताया कि मल्लिका काफी दिमाग वाली थीं और उन्होंने उस वक्त अपने स्टेटमेंट और कई चीजों से खुद को लाइमलाइट में रखा था, जबकि बाकी सब पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया, जब मल्लिका ने अशिमत पर गला दबाने का आरोप लगाया था।



# सुनाए पिता की कामयाबी के किस्से...

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी हाल ही में 'डांस दीवाने' शो में बतौर जज नजर आए। एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पिता वीरप्पा शेट्टी के बारे में साझा किया कि वह नौ साल की उम्र में अपने घर से भाग गए थे और मुंबई के एक होटल में वेटर की नौकरी की। अभिनेता ने आगे कहा, 'उन्होंने दक्षिण भारतीय होटल में नौ साल की उम्र में नौकरी की, हमारे समुदाय के बारे में एक चीज है कि हम एक -दूसरे की मदद करते हैं। उनकी पहली नौकरी टेबल साफ करने की थी। वह बहुत छोटे थे। वह इतने छोटे थे कि उन्हें टेबल को साफ करने के लिए उसके चार चक्कर लगाने पड़ते थे। वह चावल की बनी बोरियों पर सोते थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके मालिक ने तीन इमारतें खरीदी और उनके पिता को उसकी देखभाल के लिए कहा।

टीवी मसाला




# तलाक की खबरों के बीच निखिल को फैंस ने खूब सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** दलजीत कौर और निखिल पटेल के बीच की खटास अब जग-जाहिर हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने पति पर शादीशुदा होने के बावजूद एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर होने के आरोप लगाए थे जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए दोनों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा था। अब उनकी ये आपसी अनबन तलाक तक जा पहुंची है।हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन्या के कोर्ट में कपल की अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इन सबके बीच हाल ही में दलजीत कौर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को दूसरी बार तलाक का दर्द झेलता देख उनके फैंस का कलेजा पसीज गया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस सामने आकर उन्हें तसल्ली और सांत्वना दे रहे हैं। जहां कई फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है, तो कई ने उनके पति निखिल पटेल को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई है। एक सोशल मीडिया यूजर दलजीत कौर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'वो बुड्ढा था बहुत ज्यादा.. तुम्हें उससे शादी नहीं करनी चाहिए थी। तुमने उस उम्रदराज इंसान से शादी क्यों की। तुम्हें कोई काफी अच्छा इंसान मिल जाता।'

## बॉडीगार्ड ने सरेआम की थी बदतमीजी मना करने पर भी बार-बार किया था टच

**नई दिल्ली।** अविका गौर टीवी पर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सीरियल 'बालिका वधू में 'आनंदी' का किरदार निभा घर-घर में पहचान बनाई। छोटे पर्दे से निकलकर अविका गौर साउथ सिनेमा और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में अविका गौर ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वह अपने बॉडीगार्ड की हरकत से सकते में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ सरेआम बदतमीजी की थी। ये वाकया कजाकिस्तान का है। अविका गौर ने अपने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे याद है किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की थी। मैंने जब पीछे मुड़कर देखा तो वहां सिर्फ मेरा बॉडीगार्ड मौजूद था। मैं फिर जब स्टेज पर जा रही थी तब दोबारा किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, लेकिन वहां मेरे बॉडीगार्ड के अलावा कोई और नहीं था।



# बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके दक्षिण के ये सितारे, लिस्ट के नाम कर देंगे हैरान


*मुंबई। दक्षिण के कई सितारे बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके। इस लिस्ट में पहले नंबर पर रामचरण का नाम आता है। उनका नाम तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शामिल किया जाता है। **आरआरआर के बाद राम चरण** पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो चुके हैं। हालांकि, उनका बॉलीवुड डेब्यू काफी फीका रहा था। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी फिल्म जंजीर से उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। इसके बाद राम चरण किसी भी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आए।*



***विक्रम तमिल सिनेमा** के दिग्गज सितारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी के वह कई बार दर्शकों को चौंका चुके हैं। अभिनेता ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन बॉलीवुड में वह बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने रावण और डेविड नाम की हिंदी फिल्म में काम किया, लेकिन दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं।*



***विजय देवरकोंडा** को गीता गोविंदम और अर्जुन रेड्डी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। फिल्म लाइगर में वह अनन्या पांडे के साथ नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी।*



***सूर्या तमिल सिनेमा** के एक और सितारे का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अभिनेता कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन बॉलीवुड में उनकी फिल्मों का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म रक्तचरित्र 2 में वह नजर आए थे, लेकिन यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।*



# गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास



**मुंबई।** आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हो चुके हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब बॉक्स ऑफिस पर उनके नाम से ही फिल्में सुपरहिट हुआ करती थीं। लाइमलाइट से दूर हो चुके गोविंदा की ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें आप बार-बार भी देखें तो मन नहीं भरेगा। आज हम आपको गोविंदा की उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 2 करोड़ में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन रिलीज होते ही यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई और कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। एक्शन से लेकर कॉमेडी तक, गोविंदा ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में कीं और उन सभी में उन्हें सफलता भी मिली। ठीक ऐसी ही एक फिल्म थी 'आंखें' जो साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गोविंदा की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही हंगामा मचाने लगी थी, जो बेहद ही कम बजट में बनकर तैयार हुई थी। विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म 'आंखें' साल 1993 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो डेविड धवन द्वारा निर्देशित और अनीस बज्मी द्वारा लिखित थी। इस फिल्म में गोविंदा के साथ चंकी पांडे, रितु शिवपुरी, रागेश्वरी, शिल्पा शिरोडकर, बिंदू, हरीश पटेल, शक्ति कपूर, महावीर शाह और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

# इन सितारों को मिला था 'बॉर्डर' का ऑफर, ठुकराने के बाद पीटा माथा!


***नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल बनने जा रहा है। मेकर्स ने बॉर्डर 2 की घोषणा भी कर दी है। ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना और तब्बू जैसे तमाम सितारे नजर आए थे। 1997 में आई इस फिल्म में नजर आने से पहले कई स्टार्स को इस फिल्म का ऑफर दिया गया था। इन कलाकारों के हां बोलने से पहले बॉर्डर को कई सितारे ठुकरा चुके थे।*



**आमिर खान :** इस लिस्ट में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान को भी फिल्म 'बॉर्डर' में रोल ऑफर हुआ था। मगर उन्होंने भी इस फिल्म को करने से मना कर दिया था।



**जूही चावला :** 'बॉर्डर' में तब्बू भी अहम किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका किरदार भी काफी पसंद आया था। मगर शायद ही आप जानते हो कि इस किरदार के लिए तब्बू मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले इस किरदार के लिए मेकर्स ने जूही चावला से बात की थी। उन्होंने इसे करने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद ये तब्बू की झोली में आ गिरी।



**अनिल कपूर :** धरवीर के रोल में नजर आए अभिनेता अक्षय खन्ना का किरदार पहले अनिल कपूर को ऑफर हुआ था। मगर अनिल कपूर ने भी किसी कारणवश इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। इसके बाद ये फिल्म अक्षय खन्ना को ऑफर हुई थी। धरवीर के किरदार में उन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# 'एसएसबी 29' के लिए राजामौली ने खरीदे अफ्रीकी किताबों के अधिकार!



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू और फिल्म निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली 'एसएसएमबी 29' के जरिए पहली बार साथ काम कर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर दर्शक लगातार नई जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने पहले बताया था कि यह फिल्म अफ्रीकी जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इंडियाना जोन्स एडवेंचर टेम्पलेट की कहानी को दिखाएगी। वहीं, अब इस फिल्म की कहानी को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक एसएस राजामौली ने कथित तौर पर अफ्रीकी-ब्रिटिश उपन्यासकार विल्बर स्मिथ के बेस्टसेलिंग एडवेंचर उपन्यासों ट्रायम्फ ऑफ द सन और किंग ऑफ किंग्स के अधिकार खरीद लिए हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इन दोनों पुस्तकों की विषय-वस्तु निश्चित रूप से राजामौली को फिल्म की कहानी के लिए बड़ा आधार देगी, जिसके जरिए राजामौली फिल्म की कहानी को दमदार बनाने की योजना बना सकते हैं। ये दोनों पुस्तकें सूडान, अफ्रीका में सेट हैं और अफ्रीकी क्षेत्रों में कई पात्रों की साहसिक यात्रा को बताती है।

# रिजर्व बैंक के नीतिगत रुख में बदलाव करना जल्दबाजी होगाः दास


## आरबीआई गवर्नर ने लीडरशिप डायलॉग्स को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना ''बहुत जल्दबाजी'' होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर 'दुस्साहस' के दृष्टिकोण से बचना होगा। ईटी नाउ के लीडरशिप डायलॉग्स को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति के बारे में, उन्होंने कहा कि भले ही मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई है, लेकिन खाद्य महंगाई दर अब भी ऊंची बनी हुई है और इसके आसपास भी अनिश्चितताएं हैं।

### केंद्रीय बैंक सोना बढ़ाना जारी रखेगा

वैश्विक बांड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा। अपने भंडार विविधीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में, यह सोना बढ़ाना जारी रखेगा।



### कैड 1.2 फीसदी पर रहेगा

वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा।

### कैड की घोषणा अगले सप्ताह

दास ने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा।

### मुद्रास्फीति धीमी गति से कम हो रही

दास ने कहा कि नीति के रुख को बदलना अभी जल्दबाजी होगा और किसी भी तरह के जोखिम भरे कदम से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक इस मोर्चे पर लगातार सतर्क है। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति कम हो रही है, लेकिन काफी धीमी गति से। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को भरोसा है कि मुद्रास्फीति की गिरावट की यात्रा धीमी गति से ही सही, जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### ईबाइकगो 2026 तक एक लाख ई- दोपहिया बनाएगी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन किराए की सेवा प्रदान करने वाली ईबाइकगो वित्त वर्ष 2025-26 तक अपने ई-टू-व्हीलर बेड़े को एक लाख इकाई तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'ईबाइकगो अगले वित्त वर्ष के अंत तक अपने दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बेड़े को 1,00,000 से अधिक तक बढ़ाने की योजना के साथ पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है।'

### धनलक्ष्मी बैंक ने अजित केके को बनाया एमडी



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के धनलक्ष्मी बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने अजित कुमार केके को बैंक का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। केरल स्थित धनलक्ष्मी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वह 20 जून को कार्यभार संभालेंगे।बैंक के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में अजित कुमार केके को 20 जून, 2024 से तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी।

### हुडको ने विदेशी ऋणदाताओं से 20 करोड़ डॉलर जुटाए



**मुंबई।** आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) ने ऋण बाजार में कदम रखते हुए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (30 अरब जापानी येन) जुटाए हैं। इसकी व्यवस्था करने वाली जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की संस्था ने अपने पहले 'सामाजिक ऋण' के हिस्से के रूप में पांच साल के लिए यह धनराशि जुटाई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, एसएमबीसी की सिंगापुर शाखा के नेतृत्व में हुए इस सौदे को कुल नौ ऋणदाताओं से अधिक अभिदान मिला।

### सेबी ने कार्यकारी निदेशक के लिए आवेदन मांगा



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी।

### अमेजन फ्रेश ने 130 से अधिक शहरों तक बनाई अपनी पहुंच



**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने अपनी सब्जियों तथा फलों की सेवा 'अमेजन फ्रेश' का विस्तार अंबाला, औरंगाबाद, होशियारपुर, धारवाड़, ऊना, सूरी जैसे 130 से अधिक शहरों में किया है। इस सेवा में फल, सब्जियां, ठंडे उत्पाद, सौंदर्य, शिशु, व्यक्तिगत देखभाल का सामान और पालतू पशु उत्पाद आदि की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह सेवा ग्राहकों को 'अमेजन डॉट इन' पर अपने समर्पित ऐप-इन-ऐप के जरिये सुगम खरीदारी का अनुभव देगी। इसमें दोबारा खरीदने और 'रिमाइंडर' का विकल्प भी है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चेकआउट के दौरान ग्राहक अक्सर खरीदी गई वस्तुओं को न भूलें।

## एजेंसी ने सात फीसदी रहने का अनुमान लगाया था

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर किया 7.2 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा।

- रेटिंग्स एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार का हवाला दिया

**खास बातें**

- इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आएगी
- एजेंसी ने कहा, निवेश में वृद्धि जारी रहेगी



### मूडीज ने वृद्धि दर 6.6 फीसदी रखी

मूडीज रेटिंग्स और डेलॉयट इंडिया का अनुमान है कि 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। गत वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ी थी।

### उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा

रिपोर्ट में कहा गया, 'हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी।' रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा।

### फिच का अनुमान आरबीआई के अनुरूप

फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि ग्रामीण मांग में सुधार और मुद्रास्फीति में नरमी से चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

### मानसून के सामान्य रहने के संकेत

फिच ने कहा कि क्रय प्रबंधकों के सर्वेक्षण के आंकड़े चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में निरंतर वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। मानसून के सामान्य रहने के संकेत वृद्धि को बढ़ावा देंगे और मुद्रास्फीति को कम अस्थिर बनाएंगे। हालांकि, हाल ही में भीषण गर्मी ने जोखिम उत्पन्न किया है।

### मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित हो जाएगा

एजेंसी ने कहा कि आधिकारिक पूर्वानुमानों के अनुसार जून-सितंबर में वर्षा औसत से अधिक रहने की संभावना है। इससे मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित हो जाएगा। फिच ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि कैलेंडर वर्ष के अंत तक कुल मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत रह जाएगी। यह 2025 तथा 2026 में औसतन 4.3 प्रतिशत रहेगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई है।'

# नेस्ले की मैगी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत नेस्ले के इंस्टैंट नूडल्स व सूप ब्रांड मैगी के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि चॉकलेट वेफर ब्रांड किटकैट के लिए यह दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। नेस्ले इंडिया की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, उच्च दोहरे अंक की वृद्धि के साथ भारतीय बाजार नेस्ले के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। नेस्ले इंडिया की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 'व्यापकता, प्रीमियमीकरण और नवाचार, अनुशासित संसाधन आवंटन के साथ मिलकर कारोबार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं।'

- नेस्ले के ताजा वार्षिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत लोकप्रिय इंस्टेंट नूडल्स और तैयार व्यंजन आदि बेचती है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मैगी की छह अरब से अधिक सर्विंग्स बेचीं, जिससे 'भारत दुनियाभर में मैगी के लिए सबसे बड़ा नेस्ले बाजार बन गया।' नेस्ले मैगी ब्रांड के तहत अपनी बिक्री का विस्तार कर रही है और उसने 10 रुपये की किफायती कीमत पर ओट्स नूडल, कोरियन नूडल्स और अलग-अलग मसाले वाली मैगी व नूडल्स पेश किए हैं। नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसने किटकैट की 4,20 करोड़ 'फिंगर्स' बेचीं। नए उत्पादों को पेश करने, वितरण नेटवर्क के विस्तार और अभिनव ब्रांड से वृद्धि को बढ़ावा मिला।



### कंपनी 7500 करोड़ रुपए निवेश के लिए तैयार

कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा, ' इसे और मजबूत करते हुए आपकी कंपनी 2020 और 2025 के बीच नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा क्षमताओं का विस्तार करने के लिए करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है, जिसमें निरंतर वृद्धि और नवोन्मेषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।'

# इंफोसिस की कंपनियों के लिए एआई आधारित विपणन सेवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने मंगलवार को कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित विपणन सेवाओं का समूह 'इन्फोसिस एस्टर' पेश करने की घोषणा की जिससे कारोबार वृद्धि के लिए ब्रांड अनुभव, दक्षता और प्रभावशीलता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- कंपनी ने इंफोसिस एस्टर पेश करने की घोषणा की

इन्फोसिस ने बयान में कहा कि 400 से अधिक विपणन परिसंपत्तियों, 50 से अधिक भागीदारों और 20 से अधिक डिजाइन स्टूडियो के साथ 'एस्टर' वैश्विक स्तर पर कंपनियों के बीच (बी2बी) और कंपनियों से ग्राहकों के बीच (बी2सी) विपणकों के लिए अनुभव, दक्षता और प्रभावशीलता को गति दे रहा है। कंपनी ने कहा, ''रचनात्मक सेवाओं, अनुभव डिजाइन, डिजिटल वाणिज्य, प्रदर्शन विपणन और विपणन संचालन के साथ इन्फोसिस एस्टर बी2बी और बी2सी ब्रांड के लिए विपणन मूल्य श्रृंखला में तेजी लेकर आता है। एस्टर के साथ वैश्विक ब्रांड ने बार-बार खरीदारी करने वालों की संख्या में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि और बिक्री में 40 प्रतिशत की वृद्धि महसूस की है।''



### ग्राहक वृद्धि की नई राह पर जाना चाहते हैं

इन्फोसिस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और सह-प्रमुख (आपूर्ति) सतीश एच सी ने कहा, ''हमारे ग्राहक वृद्धि की नई राह पर जाना चाहते हैं और वे ग्राहकों के साथ लगभग वास्तविक समय में घनिष्ठता भी बढ़ाना चाहते हैं। उन्हें बखूबी पता है कि डेटा और एआई की मदद से आधुनिक विपणन तरीका रणनीति को गति देने और क्रियान्वयन में किस तरह की भूमिका निभा सकता है।''

# सोने में 50 रुपए की गिरावट चांदी 400 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 50 रुपये टूटकर 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपये के उछाल के साथ 91,300 रुपये प्रति किग्रा हो गयी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर सोमवार को जिंस बाजार आंशिक रूप से बंद रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर कम है। परमार ने कहा कि मंगलवार को सभी बाजारों में जोखिम भरे रवैये के कारण सोने में गिरावट आई।



# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की तरफ से भारतीय बाजार में नए सिरे से निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। इसका असर यह हुआ कि एक दायरे में कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 92.30 अंक बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 113.45 अंक चढ़कर 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजारों ने एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाया। चुनावी नतीजों के बाद हासिल बढ़त को बाजार धीरे-धीरे बढ़ा रहा है।

- बैंक और इंफोसिस के शेयरों में रही खरीदारी



**इन शेयरों में रही घट-बढ़**

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

# गूगल का एआई सहायक जेमिनी ऐप के रूप में

**नई दिल्ली।** गूगल का एआई सहायक जेमिनी अब भारत में एंड्रॉयड स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप के रूप में उपलब्ध है, जो अंग्रेजी, हिंदी और आठ अन्य भारतीय भाषाओं में काम करता है। जेमिनी गूगल एआई द्वारा विकसित जनरेटिव कृत्रिम मेधा वाला चैटबॉट है। इसे पहले बार्ड के नाम से जाना जाता था। जेमिनी एक्सपीरियंस के इंजीनियरिंग उपाध्यक्ष अमर सुब्रमण्यम के 'ब्लॉग' के अनुसार, आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए जेमिनी तक पहुंच अगले कुछ हफ्तों में गूगल ऐप के जरिए शुरू की जाएगी। सुब्रमण्यम ने लिखा, 'गूगल की आपकी एआई सहायक जेमिनी का भारत में पहला वर्ष रोमांचक रहा है... छात्रों से लेकर डेवलपर्स और कई अन्य जिज्ञासु लोगों तक, भारत में लोग रोजमर्रा की जिंदगी में अपनी रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए जेमिनी को अपना रहे हैं।'



# प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़ा अग्रिम कर राजस्व में हुई वृद्धि



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी। यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

- चालू वित्त वर्ष के लिए बढ़कर 4.62 लाख करोड़ हुआ

### 53322 करोड़ का रिफंड जारी किया गया

वित्त वर्ष 2024-25 में 17 जून तक 53,322 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है। यह पिछले साल इसी अवधि के दौरान जारी किए गए रिफंड से 34 प्रतिशत अधिक है। इस साल एक अप्रैल से 17 जून के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) सालाना आधार पर 22.19 प्रतिशत बढ़कर 5.16 लाख करोड़ रुपये रहा।

## हर साल लगभग 10 फीसदी की दर से बढ़ रहा मकान का किराया

# घरों का किराया तोड़ रहा लोगों की कमर, पांच साल में 60% उछला


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के बड़े शहरों में किराया जबरदस्त तेजी से बढ़ रहा है। हर साल लगभग 10 फीसदी की दर से बढ़ने वाला मकानों का किराया पिछले 5 साल में 64 फीसदी बढ़ चुका है। इसके चलते देश के मेट्रो सिटीज में रहने वालों की कमर टूट रही है। देश के 7 प्रमुख मेट्रो शहरों में लगभग 1000 स्क्वायर मीटर वाले घर का किराया तेजी से बढ़ा है। हालांकि, वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में नए मकानों की सप्लाई बढ़ने के चलते किराए में आ रही तेजी थोड़ी सुस्त पड़ी है।

- देश के मेट्रो सिटीज में रहने वालों की कमर टूट रही

### नए घरों की सप्लाई बढ़ने से किराए में उछाल थमा

एनरॉक ग्रुप के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा कि हर साल दूसरी तिमाही में किराया बढ़ता है। हालांकि, इस बार नए घरों की सप्लाई बढ़ने से किराए में ज्यादा उछाल नहीं आया है। देश के 7 बड़े शहरों में साल 2024 में 531,470 नए मकानों की डिलीवरी हुई है। यह साल 2023 के 435,045 मकानों के मुकाबले 22 फीसदी ज्यादा है।



### वर्ष 2019 के बाद से उछला किराया

रियल एस्टेट कंसल्टेंट कंपनी एनरॉक की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2019 से ही किराए में जबरदस्त वृद्धि हुई है। नोएडा के सेक्टर 150 में साल 2019 में किराया 15500 रुपए था। अब यहां किराए पर घर लगभग 63.3 फीसदी उछलकर 25000 रुपए में मिल रहा है। दिल्ली के द्वारका में यही किराया 43.5 फीसदी बढ़कर 19,500 रुपए से 28,000 रुपए हो चुका है।

### मुंबई में 41 फीसदी का उछाल

मुंबई के चेंबूर में जहां साल 2019 में 45000 रुपए में घर मिल जाता था, वहां अब किराया 63500 रुपए हो चुका है। यहां इन 5 साल में किराए में लगभग 41.1 फीसदी का उछाल आया है। मुलुंड में किराया 28.7 फीसदी बढ़कर 49,700 रुपए हो चुका है।

### वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में दिखी थोड़ी राहत

रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी सिटी बेंगलुरु के सरजापुर रोड में 2019 में किराया 21000 रुपए था। अब वहां अगर किराए पर घर तलाशा जाए तो आपको लगभग 35000 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। हालांकि, तेजी से बढ़ते इस किराए में वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही से थोड़ी राहत दिखने लगी है। नोएडा सेक्टर 150 में औसत किराया 4 फीसदी ही बढ़ा है। गुरुग्राम के सोहना रोड पर किराए में 3 फीसदी और दिल्ली के द्वारका में 2 फीसदी की वृद्धि हुई है। चेंबूर और मुलुंड में भी किराया लगभग 2 फीसदी ही बढ़ा है। हैदराबाद की हाईटेक सिटी और गचीबाउली में किराए में 3 फीसदी का उछाल आया है।

